



PANORAMIC SUNROOF


VENTILATED SEATS


6 AIRBAGS


EV MODE


WIRELESS SMARTPLAY PRO+


DIGITAL MULTI-INFORMATION DISPLAY

NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants

- SUZUKI-TECT BODY
- DUAL FRONT AIRBAGS
- ESP
- SEAT BELT PRE-TENSIONERS WITH FORCE LIMITERS
- ISOFIX CHILD SEAT ANCHORAGES
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
- COMPLIANT WITH –
  - FULL FRONTAL IMPACT
  - FRONTAL OFFSET IMPACT
  - SIDE IMPACT

Features and accessories shown may not be a part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

ONLY 13 DAYS LEFT

BOOK NOW. BENEFITS UP TO ₹ 1 00 000*

INTELLIGENT ELECTRIC HYBRID

Know more about The Grand Vitara | Scan to chat on WhatsApp

**RAIPUR: NEXA MAGNETO** (SKY AUTOMOBILES PH: 9111107011), **NEXA VIDHAN SABHA ROAD** (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620047), **NEXA ONE RING ROAD** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774), **BHILAI: NEXA SUPELA** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824), **DURG: NEXA DURG BYPASS** (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302), **JAGDALPUR: NEXA JAGDALPUR** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

8 YEAR WARRANTY ON THE BATTERY^
Maruti Suzuki offers warranty of 8 years on Strong Hybrid battery.

T&C apply. Creative visualization. **All offers are applicable till 31st October '24 or till stock lasts. Offers may vary subject to the model and variant purchased and shall be applicable till stock lasts. *As per the directives of State Government. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer owner's manual. Fuel efficiency as certified by test agency under Rule 115 of CMVR 1989. With Fuel Tank capacity of 45L, range is 1258.65 km (45L x 27.97km/l) under standard test conditions. Results may differ depending on actual driving, road, and other conditions. Maruti Suzuki offers warranty of ninety-six (96) months or 1 60 000 km (whichever occurs first) for Hybrid Electric Vehicle (HEV) battery from the date of invoice to the first owner. This extended warranty is applicable for Zeta+ and Alpha+ models of Grand Vitara.

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 19 अक्टूबर 2024



II HARE KRISHNA II

SINGHANIA BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993

# SINGHANIA DREAM HOME EXPO LUCKY DRAW BONANZA!

## BOOK YOUR DREAM HOME & PICK YOUR PRIZE
## EVERYONE'S A WINNER AT SINGHANIA DREAM HOME EXPO!

DIWALI DREAM HOME EXPO 2024

19th to 27th October, 2024

HARSHIT URBAN CITY
EXPERIENCE URBAN LIVING AT ITS FINEST



PREMIUM RESIDENTIAL PLOTS

Plot Size | 1000-3000 Sq.ft.



Rera Reg. No. :PCGRERA250724001799
www.rera.cgstate.gov.in

Harshit Urban City,
Opp. D-Mart,
Ring Road No.-1, Raipur

HARSHIT LANDMARK
PREMIUM COMMERCIAL & RESIDENTIAL



PREMIUM 3 BHK 1612 SQ.FT.
PREMIUM 4 BHK 1954 SQ.FT.



RERA Reg. No. - PCGRERA270618000348
www.rera.cgstate.gov.in

Harshit Landmark,
Ring Road No.-2,
Hirapur Chowk, Raipur

## LUCKY DRAW PRIZES
ANY ONE

- BUY A FLAT, GET A PLOT FREE
- WIN AN iPHONE 16
- FREE REGISTRY
- 1% OFF ON INTEREST RATES FOR 10 YEARS
- FREE PROCESSING, BANK STAMP FEE, TECHNICAL, AND LEGAL FEES

*T&C Apply

32 YEARS OF EXPERIENCE | 25+ RESIDENTIAL & COMMERCIAL LANDMARK PROJECTS | 3 HOTELS & CLUBS PROJECTS | 20000+ HAPPY FAMILIES

SPECIAL DIWALI GIFTS ON EVERY SITE VISIT

Call : 9827-321-321 | www.singhaniabuildcon.com | Credai Member CREDAI Chhattisgarh | RERA APPROVED

Bank Partner : SBI, HDFC Home Loans, Axis Bank, ICICI Bank, pnb Housing Finance Limited, बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda, इंडियन ओवरसीज़ बैंक Indian Overseas Bank, YES BANK, BOI, LICHFL, Jana Small Finance Bank, Aadhar Housing Finance Ltd, Fullerton India, DCB BANK

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



अलग खबर

### गरियाबंद के वन क्षेत्र और आसपास के इलाके में रहने वाले लोग हाथियों की आमद से दहशत में

# पखवाड़े भर में सैकड़ों एकड़ धान, मक्का, दलहन तिलहन की फसल को हाथियों ने किया चौपट

**हसन खान/मैनपुर।** गरियाबंद के वन क्षेत्र और आसपास के इलाके में रहने वाले लोग हाथियों की आमद से दहशत में हैं। हालत यह है कि अपनी जान बचाने के लिए यहां के रहवासी प्रधानमंत्री आवास पर टेंट बनाकर रात गुजार रहे हैं। यहां हाथियों के दल द्वारा ग्रामीणों के कच्चे मकानों को तोड़फोड़ कर तहस-नहस किया जा रहा है। वहीं मकान के भीतर शेष पेज 2 पर



### 15 दिनों से आतंक

हाथियों के दल द्वारा मैनपुर वनपरिक्षेत्र के ग्रामों में पिछले कुछ दिनों से जमकर आतंक मचाया जा रहा है। 15 दिनों के भीतर सैकड़ों एकड़ धान और मक्के के साथ दलहन-तिलहन की फसल को जमकर शेष पेज 2 पर



### पूरी रात कर रहे रतजगा

ग्रामीण इलाकों में हाथियों की दहशत के चलते सुरक्षा के लिए कई लोग जहां एक ओर पेड़ पर मचान बनाकर रात बिताने के लिए मजबूर हो गए हैं। वहीं, दूसरी ओर दर्जन भर से ज्यादा ग्रामों में प्रधानमंत्री आवासों के ऊपर इन दिनों कपड़ा और पॉलीथिन से मचान बनाया गया है, जहां ग्रामीण अपने छोटे-छोटे बच्चों और बुजुर्गों के साथ शाम होते ही पक्के मकानों के छतों पर चले जाते हैं और पूरी-रात रतजगा करते दिखाई दे रहे हैं।

### युवा करते हैं चौकीदारी, हाथियों को देखते ही कर रहे सचेत

हाथी प्रभावित ग्राम लुठापारा, खोलापारा छिन्दौला, लेड़ीबहार, सिंहार के ग्रामीण रामसिंह कमार, मंगलु राम कमार, मंगतीन बाई, बिसाहीन, चैतुराम, भरत ने बताया कि हाथियों का दल 15-20 दिनों से मैनपुर कांटादोना जंगल नदी में डेरा डाल दिया है। हाथियों के दल में 40-50 की संख्या है, यह दल शाम होते ही अचानक किसी भी गांव में पहुंच रहे हैं। गांव के युवा दोपहर के बाद गांव की सीमा शेष पेज 2 पर

### जगदलपुर बस में सवार तीन लोगों के कब्जे से सोने के जेवर जब्त किए गए

# चांदी के बाद अब करोड़ों के सोने के जेवर जब्त पुलिस ने जांच के दौरान बस टर्मिनल में पकड़ा

*टिकरापारा थाना पुलिस ने शुक्रवार को इंटर स्टेट बस टर्मिनल में रूटीन जांच के दौरान तीन यात्रियों के कब्जे से आठ करोड़ रुपए के 12 किलो 800 सौ ग्राम सोने के जेवर पकड़े हैं। वैध दस्तावेज नहीं होने पर पुलिस ने सोने के जेवर जब्त कर मामले की जानकारी आयकर विभाग को दी है। बताया जा रहा है, जब्त सोने के जेवर रायपुर सदर बाजार स्थित एक सराफा कारोबारी के हैं। जेवर किस कारोबारी के हैं, फिलहाल पुलिस ने इसकी जानकारी नहीं दी है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पुलिस के मुताबिक तेलीबांधा निवासी लिंगराज नायक, हितेश तांडी तथा टिकरापारा निवासी शुभम पात्रो के कब्जे से सोने के जेवर जब्त किए गए हैं। बसों की जांच के दौरान तीनों यात्री जगदलपुर की बस से उतर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उनके बैग की तलाशी ली। बैग में सोने के जेवर मिलने पर पुलिस ने तीनों को जेवर के संबंध में वैध दस्तावेज दिखाने के लिए कहा, तो तीनों ने पुलिस को गोलमोल जवाब देते हुए गुमराह करने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने तीनों युवकों के साथ जेवर से भरा बैग जब्त कर अपने साथ थाने ले आई और घटना की जानकारी आयकर विभाग को दी। शेष पेज 2 पर

**वैध दस्तावेज नहीं होने पर पुलिस ने पकड़ा**



### दीपावली में कच्चे में करोड़ों के जेवर की आवक

दीपावली फेस्टिव सीजन में राजधानी के सराफा कारोबारी करोड़ों के सोने-चांदी के जेवर कच्चे में खरीद कर बिक्री करने के लिए मंगाते हैं। गौरतलब है कि सोने के जेवर में तीन प्रतिशत जीएसटी लगने के साथ अलग से कस्टम ड्यूटी लगती है। कच्चे में खरीद बिक्री करने पर कारोबारी जीएसटी सहित कस्टम ड्यूटी बचाकर अतिरिक्त कमाई करते हैं। इस वजह से कारोबारी ज्यादा मुनाफा कमाने के लालच में बगैर बिल के सोने-चांदी के जेवर मंगाते हैं।

### गांजा समझ जांच की तो निकले सोने के जेवर

पुलिस के अनुसार रायपुर दक्षिण विधानसभा में उपचुनाव की तारीख तय हो गई है, इसके बाद पुलिस टीम को यात्री बसों के साथ संदिग्ध लोगों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। जगदलपुर बस के जिन लोगों से पुलिस ने सोने के जेवर जब्त किए हैं, पुलिस को पहले उन तीनों लोगों के पास गांजा होने का शक था। इस वजह से पुलिस ने उनके बैग की तलाशी अलग से ली। बताया तो यह भी जा शेष पेज 2 पर

### दस दिन पूर्व चांदी के जेवर की हुई थी जब्ती

गौरतलब है कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इंडिगो एयर लाइंस के कार्गो से आए पौने नौ करोड़ रुपए कीमत की सवा नौ क्विंटल चांदी के जेवर जब्त किए थे। पुलिस ने उक्त चांदी के जेवर मौदहापारा थाना क्षेत्र में केके रोड के पास एक कार्गो सर्विस के वैन से शेष पेज 2 पर

**हरिभूमि की खबर पर मुहर**

- चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश
- दस्तावेज सही नहीं तो प्रवेश निरस्त

# दूसरे राउंड में एनआरआई कोटे से एडमिशन लेने वाले 45 छात्र जांच के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

दूर के रिश्तेदारों के नाम पर प्रमाणपत्र बनवाकर एनआरआई कोटे से एडमिशन के मामले में हरिभूमि खबर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग की मुहर लग गई है। दूसरे राउंड में एडमिशन लेने वाले 45 छात्रों को जांच के दायरे में लाया गया है, जिनके दस्तावेज नियम विरुद्ध पाए जाने पर उनका प्रवेश निरस्त माना जाएगा। पांचों मेडिकल कालेज में एडमिशन लेने वालों को एनआरआई संबंधित दस्तावेजों की जांच के लिए 19 से 21 अक्टूबर का वक्त दिया गया है।

- मेडिकल कालेजों में एडमिशन लेने वालों के दस्तावेजों की 19 से 21 अक्टूबर तक जांच

सुप्रीम कोर्ट के इस मामले में 24 सितंबर को स्पष्ट शेष पेज 2 पर


खबर का असर
हरिभूमि
छत्ती. में लागू होगा सुप्रीम कोर्ट का आदेश, दूसरे राउंड की एनआरआई सीटों पर रोक, बदल जाएगा सिस्टम

### पहले राउंड में 48 एडमिशन

राज्य में पांच मेडिकल कालेज में एनआरआई कोटे की कुल 103 सीट हैं, जिसमें से पहले राउंड में 48 एडमिशन हुआ था, जिसे जांच दायरे से दूर रखा गया है। दूसरे राउंड में प्रवेश लेने वाले 45 छात्रों के दस्तावेजों की जांच सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद किया जा रहा है। इस कोटे की 10 सीट बाकी है, जिस पर एडमिशन नए नियम के अनुसार किया जाएगा।

### दूसरे राउंड में एडमिशन

| | |
|---|---|
| श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज | 11 |
| अभिषेक मिश्रा स्मृति मेडिकल कालेज | 7 |
| रावतपुरा सरकार मेडिकल कालेज | 8 |
| श्री बालाजी मेडिकल कालेज | 10 |
| रायपुर इंस्टी. मेडिकल कालेज | 9 |

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### हवाई अड्डे पर पांच यात्रियों से 45 आईफोन-16 जब्त

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क अधिकारियों ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारत में कथित तौर पर तस्करी का प्रयास कर रहे पांच यात्रियों से 45 'आईफोन 16' मोबाइल जब्त किए हैं। एयर इंडिया की उड़ान के जरिए वाशिंगटन से एक यात्री दिल्ली आया था। यहां सीमा शुल्क विभाग ने लगभग 44 लाख रुपए मूल्य के 37 'आईफोन-16' मोबाइल जब्त किए।

### सलमान ने कड़ी सुरक्षा में की बिग बॉस-18 की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' होस्ट कर रहे हैं। ऐसे में 'वीकेंड का वार' एपिसोड शूट करने के लिए सलमान मुंबई के फिल्मसिटी 3 घंटे की देरी से पहुंचे। सलमान के साथ सेट पर उनकी सिक्योरिटी टीम के 60 से भी ज्यादा लोग मौजूद रहे। सिर्फ इतना ही नहीं, बिग बॉस के क्रू को सख्त हिदायत दी गई है कि कोई भी शूटिंग पूरी होने से पहले सेट से बाहर नहीं जाएगा।

### मुख्यमंत्री साय ने क्षेत्रीय उद्यमी सम्मेलन का किया शुभारंभ

# नया रायपुर में स्थापित होगा एमएसएमई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने शुक्रवार को अग्रसेन भवन खुर्सीपार भिलाई में आयोजित क्षेत्रीय उद्यमी सम्मेलन 2024 का शुभारंभ किया। उद्यमियों की मांग पर मुख्यमंत्री साय ने लघु उद्योग भारती के लिए नया रायपुर में भूमि एवं मध्यप्रदेश के समान छत्तीसगढ़ में भी एमएसएमई (माइक्रो एंड स्माल मिडियम इंटरप्राइजेस) मंत्रालय के अधीन स्थापित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नवम्बर माह शेष पेज 2 पर

### सिंगल विंडो प्रणाली 2.0 लागू

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि हमारा प्रदेश उद्योग के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रही है। हमारी सरकार उद्योग को आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने अवगत कराया कि उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सिंगल विंडो प्रणाली 2.0 लागू की गई है। उद्यमियों को अब विभिन्न विभागों शेष पेज 2 पर

**कट-ऑफ में छूट**

## आईआईटी में आरक्षित श्रेणी के छात्रों की फीस होगी आधी

**नई दिल्ली।** देश भर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान सभी के लिए समावेशी और समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिहाज से आरक्षित श्रेणियों के विद्यार्थियों को शुल्क में रियायत और पहले से ही कम कट-ऑफ में और छूट की पेशकश कर रहे हैं। आईआईटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि ने कहा, जेईई-आधारित प्रवेश में, आवेदन चरण से शेष पेज 2 पर

### देश में 23 आईआईटी

आईआईटी संस्थानों में प्रवेश की परीक्षा 'संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जी)-एडवांस्ड' इस साल आईआईटी मद्रास ने आयोजित की। वर्तमान में 23 आईआईटी हैं। शिक्षा मंत्रालय के समाज के वंचित वर्गों के छात्रों शेष पेज 2 पर

**25 तक कर सकेंगे नामांकन**

## झारखंड में पहले चरण की 43 सीटों के लिए नामांकन

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। राज्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि 18 अक्टूबर से प्रथम चरण में 43 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। शेष पेज 2 पर

### 10 लोगों का प्रपोजल अनिवार्य

के. रवि कुमार ने बताया कि प्रत्याशी के साथ सिर्फ चार लोग नामांकन कक्ष में जा सकेंगे। प्रत्याशी के नामांकन के लिए 10 लोगों का प्रपोजल अनिवार्य होगा। हर सामान्य प्रत्याशी को 10 हजार रुपए बतौर शेष पेज 2 पर




### मारे गए सभी नक्सलियों की पुलिस ने की शिनाख्त

# बस्तर में मारे गए 38 नक्सली 2.62 करोड़ के थे इनामी, 250 अपराधों के आरोपी, 23 नागरिक, 28 जवानों की ली थी जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर/जगदलपुर

बस्तर के दंतेवाड़ा जिले में हाल ही में पुलिस के साथ मुठभेड़ में 38 नक्सली मारे गए थे। खास बात ये है कि खुद नक्सलियों ने स्वीकार किया है कि उनके 35 साथी मारे गए हैं। इधर, पुलिस का कहना है कि मारे गए सभी नक्सली इनामी थे। इन पर कुल मिलाकर 2 करोड़ 60 लाख रुपए का इनाम था। इन नक्सलियों पर दन्तेवाड़ा, नारायणपुर, कोण्डागांव, बस्तर में 250 से अधिक अपराध पंजीबद्ध हैं। इन मामलों में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ 61, कैम्प अटैक 11, आईईडी ब्लास्ट 17, आगजनी 09, पोलिंग बूथ पर हमला 03 जैसे गंभीर अपराध किए गए, जिनमें 26 आम नागरिक घायल, 23 आम नागरिकों की हत्या, 15 पुलिस जवान घायल व 28 पुलिस जवान शहीद हुए शेष पेज 2 पर

हरिभूमि फॉलोअप


हरिभूमि
बस्तर में बड़ा और ऐतिहासिक आपरेशन
मारे गए 30 नक्सली

### नक्सलियों के पास समर्पण के अलावा रास्ता नहीं

*प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के पास अब हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है, इसलिए माओवादी संगठन से पुनः अपील है कि तत्काल हिंसात्मक गतिविधियों को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ें, अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहें।*

*- सुंदरराज पी. आईजी बस्तर*

## चिंतन

# परंपरा की आड़ में बाल विवाह कानूनन गलत

बाल विवाह को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट राय देकर सभी समुदाय की नाबालिग लड़कियों की रक्षा की है। धर्म, संस्कृति व परंपरा की आड़ में अनेक समुदाय अपनी नाबालिग लड़कियों की शादी कर देते हैं। उच्चतम न्यायालय ने दो टूक कहा है कि किसी 'पर्सनल लॉ' के तहत परंपराएं बाल विवाह निषेध अधिनियम के क्रियान्वयन में बाधा नहीं बन सकतीं और बचपन में कराए गए विवाह अपनी पसंद का जीवन साथी चुनने की स्वतंत्रता छीन लेते हैं। यूं तो सरकारी जागरूकता और कठोर कानून के चलते देश में बाल विवाह के मामलों में कमी आई है, लेकिन अभी कई समुदाय परंपरा की आड़ में इस कानून का उल्लंघन करते हैं। देश में वर्ष 1993 में बाल विवाह के मामले 49 फीसदी थे, जो वर्ष 2021 में घटकर 22 फीसदी रह गए, वर्तमान में यह 20 फीसदी के लगभग हैं। बाल विवाह की सबसे अधिक शिकार बालिकाएं बनती हैं। वर्ष 2006 में बालकों के बाल विवाह के केस 7 फीसदी थे, जो वर्ष 2021 में घटकर 2 फीसदी रह गए, अभी यह दो फीसदी से कम है। वर्ष 2005-2006 से 2015-2016 के बीच 18 साल से पहले शादी करने वाली लड़कियों की संख्या 47 फीसदी से घटकर 27 फीसदी रह गई, लेकिन आंकड़े फिर भी ज्यादा हैं। बाल विवाह के मामलों में सज़ा की दर सिर्फ़ 11 फीसदी है। नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने वर्ष 2022 में बाल विवाह मुक्त भारत आंदोलन की शुरुआत की थी, इस आंदोलन का मकसद वर्ष 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करना है, लेकिन धर्म संस्कृति की आड़ में बाल विवाह होते रहने के चलते यह लक्ष्य मुश्किल लग रहा है। यूनिसेफ के आंकड़े के अनुसार, भारत में प्रत्येक वर्ष, 18 साल से कम उम्र में करीब 15 लाख लड़कियों की शादी होती है, जिसके कारण भारत में दुनिया की सबसे अधिक बाल वधुओं की संख्या है, जो विश्व की कुल संख्या का तीसरा भाग है। 15 से 19 वर्ष की उम्र की लगभग 16 प्रतिशत लड़कियां शादीशुदा हैं। यूनिसेफ के अनुसार किसी लड़की या लड़के की शादी 18 वर्ष की उम्र से पहले होना बाल विवाह कहलाता है। भारत के बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार विवाह के लिए एक लड़की की आयु 18 वर्ष और लड़के की आयु 21 वर्ष की होनी चाहिए। भारत में धार्मिक-सांस्कृतिक-सामाजिक परंपराएं, अशिक्षा, गरीबी, लैंगिक भेदभाव, सामाजिक दबाव, जागरूकता का अभाव, स्वास्थ्य जनित खतरे के बारे में नहीं पता होना, कानून के प्रति सम्मान का भाव नहीं होना, कानूनों के क्रियान्वयन में कमी आदि बाल विवाह के कारण हैं। बाल विवाह के स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, शिक्षा में बाधा, घरेलू हिंसा का शिकार होना, गरीबी का दुष्चक्र आदि दुष्परिणाम होते हैं। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने बाल विवाह को रोकने के लिए किसी भी पर्सनल लॉ को खारिज कर बाल विवाह रोकथाम कानून की श्रेष्ठता को स्थापित राहत दी है। अब जो लोग पर्सनल लॉ के नाम पर कानून का उल्लंघन कर रहे थे, वे ऐसा नहीं कर पाएंगे, कानून तोड़ेंगे तो कार्रवाई हो सकेगी। देश में हर समुदाय, समाज, धर्म व संस्कृति के लोगों के लिए बाल विवाह रोकने के कानून का पालन करना अनिवार्य है। केन्द्र सरकार ने भी उच्चतम न्यायालय से बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए) को 'पसर्नल लॉ' पर प्रभावी बनाए रखने का आग्रह किया था। सरकार, कानून, सामाजिक संगठन आदि सभी की चाहत है कि देश में बाल विवाह न हो, नाबालिगों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार न छीने जाएं। बाल विवाह मुक्त समाज विकसित भारत के लक्ष्य के लिए भी जरूरी है।



## उत्तराधिकारी
प्रदीप सरदाना

# ऐसे ही नहीं है टाटा के प्रति दीवानगी

> रतन टाटा भारत के सच्चे रत्न थे। उन जैसा कोई और नहीं। जबकि सामान्यतः उद्योगपतियों के प्रति लोगों का नज़रिया कुछ अच्छा नहीं होता। कितने ही लोग बहुत से उद्योगपतियों के बारे में कहते हैं कि वे आम लोगों को लूट खसोट कर ही अमीर बने हैं। लेकिन यह पहला मौका है जब देश में किसी उद्योगपति को देवता सा बना दिया है। देश में विपक्ष के कुछ बड़े नेता तक आए दिन अंबानी-अडानी को कोसते नहीं थकते। लेकिन विपक्ष ने भी कभी टाटा को नहीं कोसा। इधर, अब जब रतन टाटा के साम्राज्य की बागडोर उनके सौतेले भाई 67 वर्षीय नोएल टाटा के हाथों में आ गयी है तो सवाल ये है कि क्या नोएल, रतन टाटा जैसे आदर्श स्थापित कर पाएंगे?

उद्योगपति रतन टाटा को इस दुनिया से विदा हुए करीब 10 दिन हो गए हैं लेकिन उनके प्रति लोगों की दीवानगी थमने का नाम नहीं ले रही। जिसे देखो वह रतन टाटा की सादगी और महानता का जमकर गुणगान कर रहा है। बड़ी बात यह भी कि इन गुणगान करने वाले लोगों में अधिकांश का कभी रतन टाटा से मिलना तो दूर, उन्हें दूर से देखना तक नहीं हुआ। फिर भी सभी एक सुर में बोल रहे हैं, रतन टाटा भारत के सच्चे रत्न थे। उन जैसा कोई और नहीं। जबकि सामान्यतः उद्योगपतियों के प्रति लोगों का नज़रिया कुछ अच्छा नहीं होता। कितने ही लोग बहुत से उद्योगपतियों के बारे में कहते हैं कि वे आम लोगों को लूट खसोट कर ही अमीर बने हैं। लेकिन यह पहला मौका है जब देश में किसी उद्योगपति को देवता सा बना दिया है। देश में विपक्ष के कुछ बड़े नेता तक आए दिन अंबानी-अडानी को कोसते नहीं थकते। लेकिन विपक्ष ने भी कभी टाटा को नहीं कोसा। इधर, अब जब रतन टाटा के साम्राज्य की बागडोर उनके सौतेले भाई 67 वर्षीय नोएल टाटा के हाथों में आ गयी है तो सवाल ये है कि क्या नोएल, रतन टाटा जैसे आदर्श स्थापित कर पाएंगे? क्या वह टाटा के महासाम्राज्य को संभालने के साथ टाटा की नैतिक और परोपकारी विरासत को भी संभाल सकेंगे?

असल में ये सवाल तब भी उठे थे जब 31 बरस पहले जेआरडी टाटा का निधन हुआ था। हालांकि जेआरडी अपने निधन से दो वर्ष पूर्व ही स्वयं रतन टाटा को अपना उत्तराधिकारी बना चुके थे। लेकिन रतन टाटा का नाम सुर्खियों में तभी आया, जब 29 नवंबर 1993 को जेआरडी का निधन हुआ। तब तक जेआरडी ऐसे ही विख्यात थे जैसे अब रतन हैं। मैंने तब जेआरडी पर अपने लेख में लिखा था -'रतन टाटा जेआरडी के साम्राज्य को कैसे संभालते हैं, यह तो समय ही बताएगा। लेकिन जेआरडी की बुलंदियों तक पहुँचना कोई आसान काम नहीं है।' लेकिन रतन टाटा ने पिछले 30 बरसों में जेआरडी की सादगी और नैतिकता के साथ उनकी दूरदृष्टिता और बुद्धिमता को भी कुछ ऐसे अपनाया कि कुछ मामलों में वह उनसे भी आगे निकल गए। असल में रतन टाटा ने टाटा की बुलंदियों को तो नया शिखर दिया ही, अपने व्यवहार और कार्यों से सभी का दिल भी जीता। लेकिन अनेक मामलों में रतन ने जेआरडी का अनुसरण किया। मुझे भी जेआरडी टाटा से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैंने देखा कि सादगी जैसे कुछ मामलों में जेआरडी, रतन टाटा से भी आगे थे। टाटा समूह के होटल ताज विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। लेकिन ताज होटल की विशाल श्रंखला के प्रमुख जेआरडी का भारत में अपना कोई एक घर तक नहीं था। हालांकि पहले मुंबई में उनका एक अपार्टमेंट था। लेकिन जेआरडी ने उसे बेचकर महिलाओं के विकास और कल्याणार्थ 'थेलमा जेआरडी ट्रस्ट फॉर द वीमेंस डेवलेपमेंट' बना दिया था। यहां तक वह अकेले या अपनी पत्नी थेलमा के साथ दिल्ली या किसी अन्य शहर में जाते तो वहां अपने ताज होटल में आने से पहले कोई विशिष्ट कमरा आरक्षित करने का निर्देश नहीं देते थे। वहां पहुंचने पर होटल में तब चाहे कोई छोटा कमरा उपलब्ध हो तो वे उसमें सहजता से ठहर जाते थे। जेआरडी से जब एक बार उनसे अपना भारत में घर न होने के बारे में पूछा तो उन्होंने थोड़ा मुस्कुराते हुए कहा था-'मेरी कमाई का एक बड़ा हिस्सा



करों में निकल जाता है। इसलिए घर बनाने के लिए पैसे बचते ही नहीं।' इधर कुछ लोग समझते हैं कि मुंबई का भव्य होटल ताजमहल जेआरडी ने बनाया था। लेकिन देश के इस पहले पंचतारा होटल को टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा ने 1903 में बनाया था। जबकि जेआरडी का जन्म इस होटल के शुरू होने के बाद 29 जुलाई 1904 को हुआ था।

मुझे जेआरडी से कुछ अधिक प्रेम इसलिए भी रहा कि इन महान हस्ती और मेरी जन्म तिथि एक ही है। जेआरडी ने अपने पूर्ववर्ती सर नौरोजी सकलातवाला के निधन के बाद 1938 में टाटा समूह की कमान संभाली थी। करीब 53 बरस तक टाटा संस के चेयरमैन रहकर जेआरडी ने टाटा समूह को एक नया शिखर दिया। देश स्वतंत्र होने के बाद वे ही टाटा के पहले अध्यक्ष थे। उन्होंने भारत में नित नए उद्योगों की मजबूत नींव रख, भारत की प्रगति में अहम भूमिका निभाई। टाटा की 14 कंपनियों को बढ़ाते हुए वह 95 कंपनियों तक ले गए। साथ ही देश में नागरिक विमानन सेवा की शुरुआत भी उन्होंने की। भारत में उड़ान का लाइसेंस पाने वाले वह पहले पायलट थे। जेआरडी ने टाटा समूह का प्रमुख बनने से पूर्व 15 अक्टूबर 1932 को कराची से मुंबई की अपनी 'टाटा एयर लाइंस' से उड़ान भर, देश में नागरिक उड्डयन का नया अध्याय लिख दिया था। फिर 1948 में 'टाटा एअरलाइंस' को एअर इंडिया बना दिया गया। साथ ही जेआरडी ने दिल्ली के दोनों ताज होटल सहित विश्व भर में 37 ताज होटल स्वयं बनाए।

यहां तक कि परमाणु ऊर्जा और परिवार नियोजन के लिए भी जेआरडी ने बहुत काम किया। जेआरडी का कद कितना बड़ा था, उसे इससे भी समझा जा सकता है कि अभी तक देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित होने वाले 53 व्यक्तियों में, उद्योगपति एक ही हैं-जेआरडी टाटा। इसलिए जब जेआरडी का निधन हुआ तो तब भी देश उन्हें ऐसे नमन कर रहा था,जैसे अब रतन टाटा को किया जा रहा है। जेआरडी ने अपने आचरण और मर्यादाओं से जो श्रेष्ठ प्रतिमान स्थापित किए, उसी मार्ग को रतन टाटा ने अपनाकर, टाटा समूह को शीर्ष सोपान पर पहुंचाया। इसलिए कुछ बरसों से रतन टाटा को भी भारत रत्न देने की मांग लगातार उठ रही है। देखा जाए तो सन 1868 में जमशेदजी द्वारा स्थापित टाटा समूह की आदर्श विरासत लगातार चली आ रही है। जमशेदजी के बाद सर दोराबजी टाटा ने उस परंपरा को आगे बढ़ाया और फिर नौरोजी सकलातवाला, जेआरडी और रतन टाटा ने। रतन टाटा ने अपने कुशल प्रबंधन से टाटा समूह के उत्पादनों को घर-घर का हिस्सा बना दिया। वहीं जीवन में चार बार विवाह के मौके बनने के बाद भी उन्होंने अपना घर नहीं बसाया। वह आजन्म अविवाहित रहे। लेकिन अपने टाटा समूह के हर कर्मचारी को अपने परिवार का सदस्य मान, वे सभी के सुख-दुख में साथ खड़े रहे। यहां तक कि देश और समाज के लिए वह अपना योगदान देने के लिए सदा तत्पर रहे। यदि रतन टाटा चाहते तो वह भारत के सबसे बड़े अमीर व्यक्ति बन सकते थे। लेकिन उन्होंने धन को महत्व न दे नैतिकता, प्रतिष्ठता, ईमानदारी और परोपकारिता पर बल दिया। आज तभी सभी सबसे ज्यादा भरोसा टाटा उत्पादनों पर करते हैं। रतन टाटा ने ऐसी कई बड़ी मिसाल कायम की, जो इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो चुकी हैं। उसी पुराने इतिहास और आदर्श परम्पराओं को देखते हुए यह उम्मीद की जा सकती है कि पिछले 40 बरसों से टाटा संग जुड़े नोएल टाटा भी, टाटा की समृद्ध और आदर्श विरासत को बनाए रखेंगे। बता दें कि नोएल टाटा की शादी स्वर्गीय पल्लोनजी मिस्त्री की बेटी और स्वर्गीय साइरस मिस्त्री की बहन अलू मिस्त्री से हुई है। इनके तीन बच्चे हैं: बेटियां लीया और माया, और बेटा नेविल।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## नोएल का उदय
विवेक शुक्ला



# टाटा-मिस्त्री परिवारों में सुलह की संभावना

रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा को पिछले शुक्रवार को शक्तिशाली टाटा ट्रस्ट का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जिसके बाद मेहली मिस्त्री के टाटा ट्रस्ट के अध्यक्ष बनने की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। मिस्त्री को टाटा समूह के स्वर्गीय अध्यक्ष एमेरिटस, रतन टाटा का करीबी विश्वासपात्र माना जाता था। रतन टाटा के निधन के बाद, भारत की कारपोरेट दुनिया और सत्ता के गलियारों में यह अफवाह जोरों पर थी कि मेहली मिस्त्री टाटा ट्रस्ट के प्रमुख बनने जा रहे हैं। मेहली मिस्त्री, टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष, स्वर्गीय साइरस मिस्त्री की मौसी के पुत्र हैं। यानी दोनों चचेरे भाई हैं। मेहरजी पल्लोनजी ग्रुप के निदेशक, मेहली मिस्त्री को नवंबर 2022 में सर रतन टाटा ट्रस्ट, इसके सहयोगी टाटा एजुकेशन एंड डेवलपमेंट ट्रस्ट और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के गैर-कार्यकारी ट्रस्टी के रूप में नियुक्त किया गया था। वे दिन थे जब रतन टाटा का टाटा ट्रस्ट्स में दबदबा था। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि 2016 में साइरस मिस्त्री को टाटा संस के अध्यक्ष पद से हटाने के समय मेहली मिस्त्री रतन टाटा का पूरी तरह से साथ दे रहे थे। रतन टाटा और साइरस मिस्त्री के बीच हुए कटु विवाद ने मीडिया का खूब ध्यान खींचा था। टाटा समूह के जानकारों का कहना है कि हाल के वर्षों में ट्रस्ट्स में मेहली मिस्त्री की भूमिका काफी बढ़ गई थी। इसलिए, टाटा ट्रस्ट्स का प्रमुख बनने के लिए उनका नाम चर्चा में था। टाटा ट्रस्ट्स का नेतृत्व करने के लिए सबसे आगे होने के बावजूद, मेहली मिस्त्री टाटा ट्रस्ट्स का प्रमुख नहीं बन पाए। कहा जाता है कि नोएल टाटा को सर्वसम्मति से शीर्ष पद पर नियुक्त किया गया है। नोएल टाटा की एक सफल और गैर-विवादास्पद व्यवसायी के रूप में प्रतिष्ठा ने टाटा ट्रस्ट्स के प्रमुख के रूप में उनके चयन में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने टाटा इंटरनेशनल में अपना करियर शुरू किया था। वे जून 1999 में, टाटा व समूह की खुदरा शाखा ट्रेंट के प्रबंध निदेशक बने, जिसकी स्थापना उनकी मां सिमोन टाटा ने की थी। इस समय तक ट्रेंट ने डिपार्टमेंटल स्टोर लिटिलवुड्स इंटरनेशनल का अधिग्रहण कर लिया था और इसका नाम बदलकर वेस्टसाइड कर दिया था। उन्होंने वेस्टसाइड को विकसित किया, इसे एक लाभदायक उपक्रम बनाया। 2003 में, उन्हें टाइटन इंडस्ट्रीज और वोल्तास का निदेशक नियुक्त किया गया। दूसरी ओर, मेहली मिस्त्री व्यावसायिक सौदों में कुछ गंभीर आरोपों का सामना कर रहे थे। एक प्रमुख विवाद मेहली मिस्त्री के टाटा पावर के साथ व्यावसायिक सौदों से जुड़ा है, जिसमें आरोप लगाए गए थे कि उनकी कंपनी को टाटा पावर द्वारा उचित निविदा प्रक्रिया के बिना आकर्षक दीर्घकालिक अनुबंध दिए गए थे। हालांकि, मेहली मिस्त्री ने इन आरोपों का हमेशा खंडन किया है। यहां तक कि टाटा संस ने भी इस आरोप का खंडन किया है कि मेहली मिस्त्री और उनके सहयोगियों को प्रतिस्पर्धी बोली के बिना टाटा पावर द्वारा दिए गए अनुबंधों से लाभ हुआ। मेहली मिस्त्री मेहरजी पल्लोनजी ग्रुप के निदेशक रहे हैं। इस बीच, मेहली मिस्त्री कहते रहे हैं कि उन पर लगाया गया आरोप कि वह साइरस मिस्त्री को टाटा संस के प्रमुख पद से हटाने के पीछे थे, असत्य है। बता दें कि साइरस मिस्त्री का परिवार, अपनी होल्डिंग कंपनी शापूरजी पल्लोनजी के माध्यम से, टाटा संस में 18.37% हिस्सेदारी रखता है, जो उन्हें टाटा ट्रस्ट्स के बाद दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक बनाता है। खैर, मेहली मिस्त्री और साइरस मिस्त्री के बीच का झगड़ा सिर्फ एक निजी विवाद नहीं था, बल्कि एक सार्वजनिक और कानूनी लड़ाई थी, जिसके परिणामस्वरूप वर्षों तक मुकदमेबाजी हुई। मेहली खुलकर रतन टाटा का साथ देते रहे थे। क्या उस विवाद में मेहली मिस्त्री की कथित भूमिका के चलते उन्हें टाटा ट्रस्ट्स को नेतृत्व करने का मौका नहीं मिला? यह सवाल अभी बना हुआ है। उस विवाद के कारण मेहली मिस्त्री और साइरस मिस्त्री के परिवारों में दूरियां भी बढ़ी थीं। अब जब नोएल टाटा टाटा ट्रस्ट्स का नेतृत्व कर रहे हैं, तो टाटा-मिस्त्री परिवार के भीतर सुलह के एक नए अध्याय की शुरुआत होने की उम्मीद है। यह भी उम्मीद जताई जा रही है कि नोएल टाटा के सक्षम नेतृत्व के चलते टाटा और मिस्त्री परिवार के बीच संबंध सुधरने लगेंगे। टाटा समूह में मेहली मिस्त्री के भविष्य की भूमिका पर सवालिया निशान है, बावजूद इसके कि रतन टाटा के साथ उनके गहरे संबंध थे। टाटा समूह के जानकारों का कहना है कि वे निश्चित रूप से टाटा ट्रस्ट्स का नेतृत्व करने की क्षमताएं नहीं रखते। बहरहाल, टाटा समूह नोएल टाटा के नेतृत्व में आगे बढ़ते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना खास रोल निभाता रहेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित
## दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि। एक अनपढ़ मनुष्य को कोई ज्ञान नहीं होता, पर वह थोड़ा बहुत भावना प्रधान होता है।

# प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित
## प्रेरणा

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे । सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़िये। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मोदी के सत्ता में रहते हुए 23 साल पूरे

पहले गुजरात के सीएम और फिर प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में रहते अपने सत्ताधारी के रूप में 23 वर्ष पूरे हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात की राजनीति के गलियारे से निकलकर दिल्ली की राजनीति तक पहुंचे हैं और वह कई बार गुजरात जाकर वहां के विकास कार्यों पर भी नजर रखते हैं। इस कारण गुजरात भी प्रधानमंत्री पर विश्वास रखता है और भाजपा के पक्ष में मतदान करता है। इनके नेतृत्व और जनहित-देशहित के कामों के प्रति साफ नीयत पर देश ने भरोसा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के शायद पहले ऐसे नेता हैं, जिन्होंने भाजपा को प्रधानमंत्री पद पर विराजमान होकर एक नई पहचान दी है। देश ने इन पर भरोसा कर तीसरी बार भी जिता कर प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बिठाया है।

**- किशोर जैन**, धमतरी

## ट्रेंड

### दलितों को बांटने का षड्यंत्र

हरियाणा की नई भाजपा सरकार द्वारा एससी समाज के आरक्षण में वर्गीकरण को लागू करने अर्थात आरक्षण कोटे के भीतर कोटा की नई व्यवस्था लागू करने का फैसला दलितों को फिर से बांटने का षड्यंत्र है। यह दलित विरोधी निर्णय है।



**-मायावती, पूर्व सीएम**

### सो रही कांग्रेस

हिमाचल प्रदेश में पिछले 2 सालों से कांग्रेस सरकार सो रही है। अवैध अतिक्रमण, महिला सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर कांग्रेस सरकार कार्यवाई की बजाय अपने आलाकमान का मुँह देखती है।



**-अनुराग ठाकुर, भाजपा सांसद**

### बार-बार परीक्षाएं स्थगित

यूपी पीसीएस की प्रिलिम्स परीक्षा दूसरी बार स्थगित कर दी गई। यूपी टेक्निकल एजुकेशन सर्विसेज-2021 की परीक्षाओं को भी स्थगित कर दिया। बार-बार परीक्षाएं स्थगित करना, पेपरलीक और भ्रष्टाचार के जरिये युवाओं का भविष्य बर्बाद करना भाजपा सरकार की नीति बन चुकी है।



**-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस नेत्री**

### ओम पुरी को नमन

ओम पुरी को चरित्र की त्वचा के नीचे जल्दी से घुसना एक उपहार था जो शायद भगवान ने उसे दिया था, अन्यथा कोई उसके द्वारा निभाई गई असंख्य भूमिकाओं के साथ कैसे न्याय कर सकता है। उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि! **- राज बब्बर, अभिनेता**



## करंट अफेयर

# सऊदी अरब की महिलाओं में योग है लोकप्रिय

**रियाद।** सऊदी अरब के लोगों ने सात साल पहले बिना किसी संकोच के योग को अपना लिया था और अब यह प्राचीन भारतीय विधा इस देश में काफी लोकप्रिय है तथा इसमें महिलाओं का प्रभुत्व है। देश की पहली प्रमाणित योग प्रशिक्षक और पद्म श्री सम्मान से नवाजी गई अरब की पहली नागरिक नोऊ मरवाई ने यह बात कही। मरवाई ने कहा कि सऊदी अरब के लोग स्वास्थ्य के लिए अच्छी किसी भी चीज को पसंद करते हैं। उन्होंने 2017 में सऊदी अरब में योग की शुरुआत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और उन्हें 2018 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। वह अब 2021 में स्थापित सऊदी योग समिति की प्रमुख तथा अरब योग फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष हैं। मरवाई का कहना है कि सऊदी अरब में आज योग में महिलाओं का प्रभुत्व है। उन्होंने कहा कि अल वहला क्लब और सऊदी योग समिति द्वारा मक्का में आयोजित दूसरी सऊदी ओपन योग आसन चैंपियनशिप में 56 लड़कियों और 10 लड़कों ने भाग लिया। मरवाई जब 17 साल की थीं, तभी उन्हें ऑटोइम्यून रोग 'ल्यूपस एरिथेमाटोसस' होने का पता चला था।उन्होंने योग के प्रति अपने रुझान को याद करते हुए कहा, चिकित्सकों ने मेरे माता-पिता से कहा कि मैं ज्यादा दिन तक जीवित नहीं रह पाऊंगी। मुझे स्कूल न जाने के लिए कहा गया और तभी मैंने रियाद में घर पर ही योग सीखा।



## ऑफ बीट

# क्या आईयूडी के इस्तेमाल से स्तन कैंसर होता है?

एक नये अध्ययन में हार्मोन युक्त अंतर्गर्भाशयी उपकरण (आईयूडी) के इस्तेमाल और स्तन कैंसर के जोखिम के बीच संबंध पाए गए हैं। हार्मोन युक्त आईयूडी 'टी' के आकार का एक उपकरण होता है, जो गर्भाशय में प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन का स्त्राव कर अनचाहा गर्भ ठहरने से रोकता है। अध्ययन के नतीजे अहम हैं, लेकिन मीडिया में आई खबरों में आईयूडी के इस्तेमाल से स्तन कैंसर के खतरे में भारी वृद्धि के दावे अनावश्यक चिंता पैदा कर सकते हैं। आइए, अनचाहे गर्भ से बचने के लिए आईयूडी का सहारा लेने वाली महिलाओं के लिए अध्ययन के निष्कर्ष के वास्तविक मायनों के बारे में बात करें। आईयूडी क्या होता है -आईयूडी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने वाले गर्भनिरोधक उपकरण हैं। इन्हें गर्भाशय में प्रतिरोपित किया जाता है, जिससे अनचाहे गर्भ को रोकने में मदद मिलती है। पुराने आईयूडी में गर्भनिरोधक घटक के रूप में तांबा मौजूद होता था, जो शुक्राणुओं को अंडाणु के निषेचन से रोकता था। जबकि, नये हार्मोन युक्त आईयूडी गर्भाशय में लेवोनोर्जेस्ट्रल नामक कृत्रिम प्रोजेस्टेरोन का स्त्राव करते हैं। लेवोनोर्जेस्ट्रल शरीर में मौजूद प्राकृतिक प्रोजेस्टेरोन हार्मोन की तरह काम करता है। तांबा और हार्मोन युक्त आईयूडी अनचाहा गर्भ रोकने में कई वर्षों से प्रभावी साबित हो रहे हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शनिवार, 19 अक्टूबर 2024
कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वितीया
वर्ष : 23, अंक : 94
पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 34.8
न्यून. 25.0

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



07
भारतीय टीम न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे

विचार पेज
ऐसे ही नहीं है टाटा के प्रति दीवानगी

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला बाल विवाह पर जारी किए दिशा-निर्देश**

*बाल विवाह रोकथाम अधिनियम को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह कानून जरूरी है। किसी 'पर्सनल लॉ' के तहत परंपराएं बाल विवाह निषेध अधिनियम के क्रियान्वयन में बाधा ऑनहीं बन सकतीं। बचपन में कराए गए विवाह अपनी पसंद का जीवन साथी चुनने की स्वतंत्रता छीन लेते हैं।*

# बाल विवाह रोकथाम कानून में बाधा नहीं बन सकता 'पर्सनल लॉ'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने देश में बाल विवाह रोकथाम कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई दिशानिर्देश भी जारी किए। हालांकि, पीठ ने इस बात पर गौर किया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए) 'पर्सनल लॉ' पर प्रभावी होगा या नहीं, यह मुद्दा विचार के लिए संसद के पास लंबित है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से पीसीएमए को 'पसर्नल लॉ' पर प्रभावी बनाए रखने का आग्रह किया था। प्रधान न्यायाधीश ने इस बात पर प्रकाश डाला कि निर्णय में 'बहुत व्यापक' समाजशास्त्रीय ▶▶|शेष पेज 2 पर

## केंद्र ने पीसीएमए को 'पसर्नल लॉ' पर प्रभावी बनाए रखने का किया था आग्रह

**ऐसे दिशा-निर्देश**

- बाल विवाह रोकने से जुड़े सभी विभागों के लोगों के लिए विशेष ट्रेनिंग की जरूरत है
- हर समुदाय के लोगों के लिए अलग तरीके अपनाए जाने चाहिए
- सजा देने से सफलता नहीं मिलती
- समाज की स्थिति को समझ कर रणनीति बनाएं
- लोगों में जागरूकता फैलाने का प्रयास हो



### कोर्ट की ऐसी टिप्पणी

बाल विवाह निषेध कानून को पर्सनल लॉ से ऊपर रखने का मसला संसदीय कमेटी के पास लंबित है, इसलिए कोर्ट उस पर टिप्पणी नहीं कर रहा, लेकिन यह सच है कि कम उम्र में शादी लोगों को अपने पसंद का जीवनसाथी चुनने के अधिकार से वंचित कर देती है।

**राज्य सरकारों की लापरवाही**_सुप्रीम कोर्ट ने सोसाइटी फॉर इनलाइटेनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन नाम के एनजीओ की याचिका पर फैसला देते हुए बाल विवाह पर नियंत्रण को लेकर कई निर्देश दिए हैं। इस याचिका में कहा गया था कि बाल विवाह पर रोक के बावजूद आज भी देश में यह जारी है। हर साल 18 साल से कम उम्र की लाखों लड़कियों की शादी होती है। 10 साल से भी कम उम्र में शादी के मामले बहुत बड़ी संख्या में हैं। इसका सबसे बड़ा कारण राज्य सरकारों की लापरवाही है।

### बेनामी संपत्ति वाले कानून के दो प्रावधानों पर रोक

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने 2022 के उस फैसले को वापस ले लिया, जिसमें बेनामी संपत्ति लेनदेन पर रोक लगाने वाले कानून के दो प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित किया गया था। शीर्ष अदालत ने अगस्त 2022 के अपने फैसले में तब माना था कि बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम, 1988 की धाराएं 3(2) और पांच 'स्पष्ट रूप से मनमानी' होने के कारण असंवैधानिक थीं।

### ईशा फाउंडेशन के खिलाफ कार्यवाही बंद

सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति की, कोयंबटूर में आध्यात्मिक नेता जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन के परिसर में उसकी दो बेटियों को बंधक बनाकर रखे जाने का आरोप लगाते हुए दायर की गई बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर कार्यवाही शुक्रवार को बंद कर दी। पीठ ने कहा कि दोनों महिलाएं बालिग हैं। स्वेच्छा से आश्रम में रह रही थीं।

# सिरफिरे आशिक ने नाराजगी में कर दी प्रेमिका की हत्या

**पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा**





मृतका



आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

- सरकंडा क्षेत्र के चिंगराजपारा की घटना

नाबालिग प्रेमिका की बेरुखी से नाराज सिरफिरे आशिक ने चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी। दरअसल नाबालिग प्रेमिका ने आरोपी से बात करना बंद कर दिया था। इससे आरोपी इस कदर ▶▶|शेष पेज 2 पर

### खून से सना था आरोपी का पूरा शरीर

बताया जा रहा है कि सागर नाबालिग से प्रेम करता था। पिछले 2 माह से नाबालिग ने उससे बात करना बंद कर दिया था। इससे आरोपी बेहद नाराज था। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई, जिस समय पुलिस ने आरोपी को पकड़ा उस समय आरोपी का पूरा शरीर खून से सना हुआ था, जिसे देख हर कोई दहशत में आ गया था।

**नान की अपील खारिज**

# अधूरे इस्तीफे पर नहीं की जा सकती कोई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों के लिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का यह फैसला न्याय दृष्टांत बन सकता है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने कहा है कि निर्धारित प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना किसी भी शासकीय सेवक का इस्तीफा प्रभावी नहीं हो सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा है कि एक बार जब इस्तीफा ▶▶|शेष पेज 2 पर

### नान ने दी डीबी में चुनौती

सिंगल बेंच के फैसले को चुनौती देते हुए नागरिक आपूर्ति निगम ने डिवीजन बेंच में चुनौती दी थी। निगम की ओर से अधिवक्ता ने डिवीजन बेंच के सामने तर्क पेश करते हुए कहा कि एक बार इस्तीफा स्वीकार कर लेने के बाद, कर्मचारी को इसे वापस लेने का कोई अधिकार नहीं है, भले ही स्वीकृति की सूचना ना दी गई हो। उन्होंने आगे दावा किया कि अधूरी औपचारिकताओं के बावजूद खम्परिया का इस्तीफा प्रभावी हो गया और निगम तीन महीने का वेतन ▶▶|शेष पेज 2 पर

**ईडी केस में मिली राहत**

# 873 दिनों के बाद आप नेता सत्येंद्र को मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन को धनशोधन के एक मामले में "सुनवाई में देरी" और "लंबे समय तक जेल में रहने" का हवाला देते हुए जमानत दे दी।



जैन को प्रवर्तन निदेशालय ने 30 मई, 2022 को उनसे कथित तौर पर जुड़ी चार कंपनियों के जरिए धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

### रो पड़ीं पत्नी और बेटी

जैसे ही न्यायाधीश ने आदेश दिया, अदालत कक्ष में मौजूद जैन की पत्नी पूनम और बेटी श्रेया रो पड़ीं। श्रेया ने बाद में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि दिवाली उनके परिवार के लिये जल्दी आ गयी। उन्होंने अदालत को बताया, हम हमेशा से जानते थे कि ऐसा होगा और यह केवल समय की बात थी। हम खुश हैं कि अदालत ने हमें न्याय दिया। दिवाली नजदीक आ रही है और हमें लगता है कि इस साल यह हमारे लिए जल्दी आ गयी है, और हम उनके लिए खुश और उत्साहित हैं।

**पीडब्ल्यूडी का नोटिस**

# बहराइच हिंसा : मुख्य आरोपी अब्दुल के घर चलेगा बुलडोजर !

एजेंसी ▶▶| बहराइच

बहराइच हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद सहित 23 लोगों के घरों पर पीडब्ल्यूडी ने नोटिस लगा दिया है। विभाग की तरफ से सरकारी रास्ते पर अतिक्रमणकर मकान बनाए जाने की नोटिस चस्पा की गई है। तीन दिन में ग्रामीण सड़क के मध्य से 60 फीट की दूरी पर बनाए गए निर्माण को हटाने के लिए नोटिस लगाई गई है। नोटिस में कहा गया है कि कुण्डासर महसी नानपारा मार्ग प्रमुख जिला मार्ग की श्रेणी का मार्ग है।



### पांच को न्यायिक हिरासत में भेजा

बहराइच में हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार पांच लोगों को शुक्रवार को एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के अनुसार सरफराज, मोहम्मद तालीम, अब्दुल हमीद, फहीम और मोहम्मद अफजल को शुक्रवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा चौधरी की अदालत में पेश किया गया। हिंसा मामले में पुलिस ने अब तक 60 लोगों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा कारणों से सुनवाई अदालत के बजाय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर हुई।



## खबर संक्षेप

### अगले सप्ताह रूस जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**हरिभूमि न्यूज . नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के



राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22-23 अक्टूबर 2024 को रूस की यात्रा करेंगे। यह पीएम मोदी रूस की अध्यक्षता में कजान में आयोजित होने वाले 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। 'न्यायसंगत वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना' विषय पर आयोजित यह शिखर सम्मेलन नेताओं को प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। यह शिखर सम्मेलन ब्रिक्स की ओर से शुरू की गई पहलों की प्रगति का आकलन करने और भविष्य में सहयोग के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान करने का भी अवसर प्रदान करेगा।

### भाजपा कर रही आरक्षण समाप्त करने की साजिश

**नई दिल्ली।** हरियाणा की भाजपा सरकार ने पहली ही कैबिनेट मीटिंग



में अनुसूचित जाति आरक्षण में उप-वर्गीकरण लागू करने का फैसला लिया है। सीएम नायब सिंह सैनी का कहना है कि इससे उन दलित जातियों को लाभ मिल सकेगा, जो अब तक आरक्षण से वंचित रही हैं। वहीं बसपा सुप्रीमो मायावती इस फैसले पर भड़क गई हैं। उन्होंने कहा कि यह आरक्षण को ही खत्म करने की साजिश का हिस्सा है। इसके अलावा समाज में बंटवारे का प्रयास है। उन्होंने लिखा, 'हरियाणा की नई भाजपा सरकार द्वारा एससी समाज के आरक्षण में वर्गीकरण को लागू करने अर्थात आरक्षण कोटे के भीतर कोटा की नई व्यवस्था लागू करने का फैसला दलितों को फिर से बांटने व उन्हें आपस में ही लड़ाते रहने का षड्यंत्र है।

---

**झारखंड : एनडीए में सीटों के बंटवारे पर मुहर, सीट शेयरिंग का ऐलान**

# 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाजपा, आजसू 10, जदयू-2 और लोजपा को मिली 1 सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रांची

झारखंड में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। सीट बंटवारे के तहत भाजपा झारखंड की 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं आजसू को 10, जदयू को दो और एक सीट लोजपा(आर) को दी गई है। झारखंड भाजपा के सह-प्रभारी और असम सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने यह जानकारी दी। झारखंड भाजपा प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा-जदयू-आजसू और लोजपा (आर) साथ मिलकर झारखंड विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। पार्टियों के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है और जल्द ही उम्मीदवारों का भी एलान कर दिया जाएगा।

शुक्रवार को बाबूलाल मरांडी के साथ रांची के भाजपा कार्यालय में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि हम दोनों पार्टियों का बहुत पुराना संबंध है। झारखंड की जनता हमलोगों को साथ देखना चाहती है। राज्य के विकास के लिए और जनता के हित में हमने गठबंधन करने का फैसला किया है। सुदेश महतो ने कहा कि वर्तमान सरकार के कुशासन से झारखंड का हर वर्ग प्रभावित है। हम यहां दलीय समीकरण के रूप में जरूर यहां बैठे हैं। दूसरी ओर गांव-देहात में धरातल पर जनता का समीकरण भी तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के मुखिया ने जो कारनामे किए हैं, उसकी चर्चा देश-दुनिया में हो रही है।

**राज्य में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को होना है मतदान**

### इन सीटों पर चुनाव लड़ेगी आजसू

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, झारखंड विधानसभा की जिन 10 सीटों पर आजसू चुनाव लड़ेगी, उनमें सिल्ली, रामगढ़, गोमिया, इचागढ़, मांडू, जुगसलिया, डुमरी, पाकुड़, लोहरदगा, मनोहरपुर शामिल हैं। वहीं जदयू जमशेदपुर पश्चिम और तमाड़ सीट पर चुनाव लड़ेगी। चतरा विधानसभा सीट चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा रामविलास को दी गई है।



**आजसू प्रमुख बोले- जनता हमें साथ देखना चाहती है**

### दो चरणों में झारखंड में होगा मतदान

उल्लेखनीय है कि झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में 13 नवंबर और 20 नवंबर को मतदान होगा। वहीं 23 नवंबर को नतीजों का एलान किया जाएगा। पहले चरण में राज्य की 43 विधानसभा सीटों पर और दूसरे चरण में 38 सीटों पर मतदान होगा। झारखंड में एनडीए का मुकाबला झामुमो के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन से होगा, जिसमें झामुमो, कांग्रेस, राजद शामिल हैं।

### इधर, महाविकास अघाड़ी में 260 सीटों पर सहमति!

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया गया है, लेकिन सियासी दलों के बीच अभी सीटों का बंटवारा नहीं सका है। महायुति और महाविकास अघाड़ी दोनों ही गठबंधन की तरफ से सीटों का ऐलान नहीं किया गया है। इस बीच एमवीए की सीटों को लेकर अपडेट सामने आया है। अघाड़ी में महाराष्ट्र की 288 सीटों में से 260 सीटों पर सहमति बन गई है लेकिन राज्य की 28 सीटें ऐसी हैं जिन पर अभी भी पेंच फंसा है। कांग्रेस पार्टी ने आलाकमान को भेजी सूची, इन सीटों के मतभेद को सुलझाने के लिए शरद पवार और उद्धव ठाकरे भी चर्चा करेंगे। महाविकास अघाड़ी दो दिन में सीट आवंटन की घोषणा करेगी। सीट शेयरिंग को लेकर एमवीए की हुई मीटिंग में विदर्भ, मराठवाड़ा और उत्तर महाराष्ट्र की सीटों पर चर्चा हुई और जिसमें 260 सीटों पर तीनों दलों के नेताओं के बीच सहमति बनी, बाकी 28 सीटों पर आगे चर्चा जारी रहेगी।

---

**आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप**

# पूर्व रॉ अफसर यूएस की 'वांटेड' लिस्ट में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत पन्नू की अमेरिका में हत्या की साजिश करने के आरोप में अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई ने पूर्व रॉ अफसर विकास यादव को वांटेड घोषित कर दिया है। पूर्व भारतीय अफसर का पोस्टर भी जारी कर दिया गया है। अमेरिकी अफसरों का दावा है कि पूर्व रॉ अफसर यादव ने ही पन्नू को अमेरिका में जान से मारने की साजिश रची गई थी। दावा यह भी है कि पन्नू की हत्या की साजिश उस वक्त रची गई थी जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर थे।

यादव पर हत्या के लिए सुपारी देने और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। अमेरिकी के जस्टिस डिपार्टमेंट ने इस मामले में 18 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। विकास यादव का नाम चार्जशीट में 'सीसी-1' (सह-साजिशकर्ता) के रूप में दर्ज है। इस मामले में विकास यादव के साथी निखिल गुप्ता को चेक रिपब्लिक से गिरफ्तार किया गया।

### एफबीआई ने जारी किया पोस्टर




*तीन तस्वीरों वाला पोस्टर*

एफबीआई ने विकस यादव के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट 10 अक्टूबर को जारी किया था। इसके बाद एफबीआई ने विकास के तीन तस्वीरों वाला 'वांटेड' पोस्टर भी जारी कर दिया है। बता दें कि विकास यादव को 'विकास' और 'अमानत' के नाम से भी जाना जाता है।

### अमेरिका का दावा, हत्या के लिए 1 लाख डॉलर ऑफर

अमेरिकी अदालत ने कहा कि विकास यादव और निखिल गुप्ता ने 2023 की गर्मियों में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत पन्नू की हत्या की साजिश रची थी। पन्नू मर्डर करने के लिए एक शख्स को 100,000 अमेरिकी डॉलर ऑफर किए गए थे। साथ ही उस शख्स को 15,000 डॉलर की एडवांस अमाउंट के तौर पर भी दिए गए थे। हालांकि, वह शख्स एफबीआई का मुखबिर निकला, जिससे पूरी साजिश नाकाम हो गई।

---

**मनी लॉन्ड्रिंग मामला**

# ईडी के शिकंजे में सिद्धारमैया मुडा के ऑफिस में छापेमारी

एजेंसी ▶▶ मैसुरु



ईडी के 12 अधिकारियों की एक टीम ने शुक्रवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मैसुरु अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (मुडा) के ऑफिस में छापेमारी की। ईडी ने मुडा कमिश्नर रघुनंदन और स्पेशल लैंड एक्यूजीशन के ऑफिस की भी तलाशी ली। बताया जा रहा है कि कि एजेंसी कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एजेंसी घोटाले में शामिल सभी अधिकारियों की जांच करेगी।यह छापेमारी मुडा के चेयरमैन के मारी गौड़ा के इस्तीफे के बाद हुई है। ईडी सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स के साथ आई थी। टीम ने मैसुरु में कई अन्य जगहों पर भी छापेमारी की है। हालांकि, वे जगहें सीधे तौर पर मुख्यमंत्री या उनके परिवार से जुड़ी नहीं है।

*ये है मामला : साल 1992 में अर्बन डेवलपमेंट संस्थान मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (मुडा) ने रिहायशी इलाके विकसित करने के लिए किसानों से जमीन ली थी। इसके बदले मुडा की इंसेंटिव 50:50 स्कीम के तहत जमीन मालिकों को विकसित भूमि में 50% साइट या एक वैकल्पिक साइट दी गई। मुडा पर आरोप है कि उसने 2022 में सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को मैसूरु के कसाबा होबली स्थित कसारे गांव में उनकी 3.16 एकड़ जमीन के बदले मैसुरु के एक पॉश इलाके में 14 साइट्स आवंटित की। इन साइट्स की कीमत पार्वती की जमीन की तुलना में बहुत ज्यादा थी। हालांकि, इस 3.16 एकड़ जमीन पर पार्वती का कोई कानूनी अधिकार भी नहीं था। ये जमीन पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन ने उन्हें 2010 में गिफ्ट में दी थी। मुडा ने इस जमीन को अधिग्रहण किए बिना ही देवनूर स्टेज 3 लेआउट विकास किया था।*

---

# गैर-कश्मीरी की आतंकियों ने की गोली मारकर हत्या

**शोपियां।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में आतंकवादियों ने एक बार फिर गैर कश्मीरी शख्स को निशाना बनाया है। आतंकवादियों ने गैर-स्थानीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी है। मौके पर सुरक्षाबल पहुंच गए हैं और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। वहीं पीड़ित के शव को अस्पताल भेजा गया है। बताते चलें कि जम्मू-कश्मीर में संगठित आतंकवाद कम होने के बाद टारगेट किलिंग की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। पिछले साल भी आतंकियों ने अलग अलग इलाकों में हिंदुओं और गैर कश्मीरियों की चुन चुन कर हत्या की थी। अनंतनाग, पुलवामा और पुंछ में टारगेट किलिंग की कई घटनाएं सामने आई थीं। इसी साल फरवरी में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आतंकियों ने टारगेट किलिंग को अंजाम देते हुए हब्बा कदल इलाके में सिख समुदाय के दो लोगों को एके राइफल से गोली मार दी थी। अमृतसर के रहने वाले अमृत पाल और रोहित की इस हमले में मौत हो गई थी।

---

# सुप्रीम कोर्ट में अब सभी मामलों का सभी पीठ से होगा 'सीधा प्रसारण'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



**सीजेआई चंद्रचूड़ की बड़ी सौगात**

अब तक सिर्फ संविधान पीठ के समक्ष मामलों की सुनवाई का ही सीधा प्रसारण होता था सुप्रीम कोर्ट ने सभी मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण करने का फैसला किया है।

शीर्ष अदालत की सभी बेंचों की लाइव-स्ट्रीमिंग की सुविधा देने वाला एक एप परीक्षण के अंतिम चरण में है। इससे पहले यानी अब तक सिर्फ संविधान पीठ के समक्ष मामलों की सुनवाई का ही सीधा प्रसारण होता था लेकिन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की पहल पर इसे सभी बेंच तक विस्तारित करने का फैसला किया गया है। यह पहला मौका है जब दिन-प्रतिदिन की सुनवाई का नियमित सीधा प्रसारण करने का फैसला किया गया है। गौर हो कि कोविड महामारी के बाद 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान पीठ के तहत होने वाले मामलों की सुनवाई की यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव स्ट्रीमिंग की पहली बार व्यवस्था की थी, जो अब तक जारी है और उसे अब सभी अदालतों तक विस्तारित किया जा रहा है। 27 सितंबर 2022 में जब पहली बार सुप्रीम कोर्ट की तीन संविधान पीठ की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग की गई थी, तब 8 लाख से ज्यादा लोगों ने उसे देखा था।



## खबर संक्षेप

### मूडीज ने बजाज फाइनेंस को पहली बार 'बीएए3' रेटिंग दी

**नई दिल्ली।** वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने बजाज फाइनेंस लिमिटेड (बीएफएल) को स्थिर दृष्टिकोण के साथ निवेश 'ग्रेड' का संकेत देते हुए पहली बार 'बीएए3' रेटिंग दी है। मूडीज के बयान का हवाला देते हुए बीएफएल ने कहा, कंपनी की रेटिंग उसकी मजबूत तथा स्थापित 'फ्रेंचाइजी' को भारत में सबसे बड़ी खुदरा उन्मुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में मान्यता देती है, जिसके पास बड़ा ग्राहक आधार तथा वितरण नेटवर्क है।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने ऊर्जा आपूर्ति के लिए किया करार

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी की दो इकाइयों ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी को 1,200 मेगावाट बिजली आपूर्ति के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी बयान के अनुसार, जेएसडब्ल्यू एनर्जी की अनुषंगी कंपनियों जेएसडब्ल्यू रिन्यू एनर्जी सिक्स लिमिटेड और जेएसडब्ल्यू रिन्यू एनर्जी थर्टी लिमिटेड ने राज्य ट्रांसमिशन यूटिलिटी (एसटीयू) से जुड़ी सौर-पवन हाइब्रिड क्षमता के लिए महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के साथ बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

## खुदरा मुद्रास्फीति अभी भी ऊंचे स्तर पर

# इस समय ब्याज दर में कटौती असामयिक जोखिम से भरी होतीः आरबीआई गवर्नर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि नीतिगत ब्याज दर में कटौती के लिए मौजूदा समय 'असामयिक' और 'बहुत जोखिम भरा' होता क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति अभी भी ऊंचे स्तर पर है। इसके साथ ही दास ने कहा कि भविष्य का मौद्रिक नीतिगत कदम आगामी आंकड़ों और आर्थिक परिदृश्य पर निर्भर करेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की इस महीने की शुरुआत में हुई बैठक में नीतिगत दर को यथावत रखने का फैसला किया गया था। हालांकि इसने मौद्रिक नीति के रुख को संशोधित करते हुए 'तटस्थ' कर दिया। अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा छह दिसंबर को की जाएगी।

### हम कर्ज बाजारों पर निगरानी रखते हैं

यह कदम अत्यधिक मूल्य निर्धारण सहित पर्यवेक्षी चिंताओं के कारण उठाया गया है। उन्होंने कहा, "हम पुलिसकर्मी नहीं हैं। लेकिन हम नजर रखे हुए हैं। हम बहुत करीबी निगाह रखे हुए हैं। हम कर्ज बाजारों पर निगरानी रखते हैं और जब जरूरी हो जाता है तो हम कार्रवाई करते हैं।

**खास बातें**

- भविष्य के कदम आर्थिक परिदृश्य पर निर्भर करेगा
- एमपीसी की बैठक में नीतिगत दर यथावत रखी गई थी
- अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा छह दिसंबर को होगी



### मुद्रास्फीति अब काफी हद तक लक्ष्य के भीतर

दास ने मौजूदा समय को भारत का दौर बताते हुए कहा, भारत की वृद्धि की गाथा अभी भी कायम है। मुद्रास्फीति अब काफी हद तक लक्ष्य सीमा के भीतर आ गई है। इसके कम होने की उम्मीद है। उन्होंने वृद्धि और मुद्रास्फीति के बीच संतुलन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आरबीआई इन दोनों के संबंध में समग्र दृष्टिकोण की निगरानी में बहुत सावधानी बरत रहा है।

### इस समय ब्याज दर में कटौती जोखिम भरी

*दास ने ब्लूमबर्ग की तरफ से आयोजित 'इंडिया क्रेडिट फोरम' को संबोधित करते हुए कहा कि सितंबर की खुदरा मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर है और आगामी आंकड़े के भी नरम होने से पहले उच्च रहने की आशंका है। आरबीआई गवर्नर ने कहा, /"जब आपकी मुद्रास्फीति साढ़े पांच प्रतिशत है और अगला आंकड़ा भी ऊंचे स्तर पर रहने का अनुमान है तो इस समय ब्याज दरों में कटौती बहुत असामयिक होगी और यह बहुत जोखिम से भी भरा हो सकता है।*

### भविष्य में ब्याज दर पर कटौती के संकेत से इंकार

*आरबीआई गवर्नर ने भविष्य में ब्याज दर में कटौती किए जाने से संबंधित कोई संकेत देने से इनकार करते हुए कहा कि केंद्रीय बैंक आने वाले आंकड़ों और आर्थिक परिदृश्य के आधार पर कदम उठाएगा। दास ने यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक किसी पुलिसकर्मी की तरह काम नहीं करता, बल्कि वह वित्तीय बाजार पर कड़ी नजर रखता है और जरूरत पड़ने पर नियामकीय कदम उठाता है।*

### तीन एनबीएफसी को कर्ज वितरण से रोका गया

*उनकी यह टिप्पणी नवी फिनसर्व और तीन अन्य गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) के खिलाफ बृहस्पतिवार को की गई नियामकीय कार्रवाई के एक दिन बाद आई है। आरबीआई ने सचिन बंसल की अगुवाई वाली नवी फिनसर्व एवं तीन अन्य एनबीएफसी को 21 अक्टूबर की कारोबार समाप्ति से कर्ज मंजूर करने और वितरण से रोकने का आदेश दिया है।*

# आयातित रसायन के कच्चे माल पर निर्भरता घटाने की जरूरत : नड्डा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने रसायन और पेट्रोकेमिकल उद्योग को देश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए शुक्रवार को कहा कि इस क्षेत्र को आयातित कच्चे माल पर निर्भरता की चुनौती से निपटने की जरूरत है। रसायन एवं उर्वरक मंत्री नड्डा ने 13वें द्विवार्षिक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन 'इंडिया केम 2024' को संबोधित करते हुए कहा कि देश नवाचार, पर्यावरण अनुकूलता और अपने दम पर उन्नति करने का संकल्प करता है, जो '2047 में विकसित भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उद्योग मंडल फिक्की के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में नड्डा ने कहा, "सफल होने के बावजूद हमें आयातित कच्चे माल पर निर्भरता की महत्वपूर्ण चुनौती का हल निकालना होगा। हमें बायोमास प्लास्टिक अवशिष्ट और हरित हाइड्रोजन जैसे वैकल्पिक कच्चे माल की खोज करनी चाहिए। इसके साथ प्राकृतिक गैस और कोयले के घरेलू स्रोतों का विस्तार भी करना चाहिए।" नड्डा ने कहा कि स्वदेशी संसाधनों को सूचीबद्ध करके कमजोरियों को दूर किया जा सकता है और औद्योगिक सुरक्षा बढ़ाई जा सकती है।

- केंद्रीय मंत्री ने किया 'इंडिया केम 2024' सम्मेलन को संबोधित

### उद्योग का मूल्य 220 अरब डॉलर है

*केंद्रीय मंत्री ने कहा, हम आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाते हुए अपने क्षेत्र के पर्यावरणीय दुष्प्रभावों को कम कर सकते हैं। नड्डा ने कहा कि भारत के रसायन एवं पेट्रोकेमिकल उद्योग का फिलहाल मूल्य करीब 220 अरब डॉलर है। इसके वर्ष 2028 तक 300 अरब डॉलर से आगे निकल जाने और 2040 तक एक लाख करोड़ डॉलर हो जाने की उम्मीद है।*

## बिजनेस साइट

# सेवन वंडर सिटीः प्रदेश की पहली 7 वंडर्स थीम पर आधारित लक्जरी टाउनशिप, बुकिंग के साथ मिल रहे विशेष ऑफर्स

**रायपुर।** महादेवघाट के आगे, अमलेश्वर स्थित सेवन वंडर सिटी प्रदेश की पहली 7 वंडर्स थीम पर आधारित लक्जरी टाउनशिप है। यह 75 एकड़ में फैली हुई है और विश्व प्रसिद्ध सात अजूबों की प्रतिकृतियों के लिए जानी जाती है, जिसमें स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी, क्राइस्ट दी रिडीमर, एफिल टॉवर, मिस्र का पिरामिड, रोम का कॉलिजियम, लीनिंग टॉवर ऑफ पीसा और लंदन का बिग बैन शामिल हैं। मुख्य प्रवेश द्वार लंदन के टॉवर ब्रिज की तर्ज पर डिजाइन किया गया है, जो इसे और आकर्षक बनाता है। सेवन वंडर सिटी में एक अत्याधुनिक क्लब हाउस है, जिसमें जिम, योगा और मेडिटेशन हॉल, मल्टीपर्पस हॉल और इंडोर गेम्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा, यहां एक स्पोर्ट्स पार्क और प्रदेश का पहला मिनी वॉटर पार्क भी है, जो निवासियों के मनोरंजन और फिटनेस के लिए बेहतरीन स्थान प्रदान करता है। इस टाउनशिप में 1300, 1500, 1800 और 3600 वर्गफीट के प्रीमियम प्लॉट्स उपलब्ध हैं, जो आधुनिक सुविधाओं और प्राइम




लोकेशन के कारण निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। रायपुर-पाटन रोड पर स्थित यह टाउनशिप भारत माला परियोजना के नजदीक है, जिससे दुर्ग, भिलाई, धमतरी, आरंग और नया रायपुर के लिए कनेक्टिविटी बेहद सुविधाजनक है। सेवन वंडर सिटी में फिलहाल सीमित समय के लिए प्लॉट बुकिंग पर विशेष ऑफर चल रहा है। इस ऑफर के तहत प्लॉट बुकिंग पर रजिस्ट्री और क्लब हाउस की सुविधाएं पूरी तरह मुफ्त दी जा रही हैं, जिससे रायपुर और आसपास के क्षेत्रों के लोग आकर्षित हो रहे हैं।

### आनंदम वर्ल्ड सिटी में बजट लग्जरी अपार्टमेंट 45 लाख से शुरू



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी टाउनशिप आनंदम वर्ल्ड सिटी अब आपके सपनों का आशियाना साकार कर रही है। रायपुर की इस प्रीमियम टाउनशिप ने अपने बेहतरीन स्थान, आधुनिक सुविधाओं और किफायती कीमतों के साथ 450 से अधिक परिवारों को आकर्षित किया है। कचना स्थित इस मॉडर्न टाउनशिप में विभिन्न प्रकार की प्रॉपर्टी के बेहतरीन विकल्प उपलब्ध हैं। आस्था अपार्टमेंट में 2 बीएचके से लेकर 3 बीएचके फ्लैट्स की कीमतें 45 लाख से शुरू होती हैं। इस अपार्टमेंट में 20 से अधिक सुविधाएं मौजूद हैं, जिनमें ओपन जिम, स्विमिंग पूल, पोडियम गार्डन, मिनी थियेटर, क्लब हाउस और बैडमिंटन कोर्ट शामिल हैं। आनंदम वर्ल्ड सिटी के डायरेक्टर आयुष मोदी के अनुसार आस्था अपार्टमेंट में घर खरीदना उन लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो बजट में उच्च गुणवत्ता की सुविधाओं के साथ जीवनशैली की तलाश में हैं। वर्तमान में आस्था अपार्टमेंट में 100 से अधिक परिवार निवास कर रहे हैं।

## वॉलफोर्ट ओमेगा की ग्रैंड लांचिंग आज

**रायपुर।** अगर आप राजधानी रायपुर में किसी उच्चस्तरीय कमर्शियल स्पेस की तलाश कर रहे हैं, तो वॉलफोर्ट समूह का नया प्रोजेक्ट 'वॉलफोर्ट ओमेगा' आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह प्रोजेक्ट न्यू राजेन्द्रनगर रिंग रोड नंबर-1 पर स्थित है और इसकी प्री-लांचिंग के दौरान भारी बुकिंग देखी गई है, जिसमें कई प्रमुख ब्रांड्स और बड़े कॉर्पोरेट्स शामिल हैं। वॉलफोर्ट ओमेगा की ग्रैंड लान्चिंग 19 और 20 अक्टूबर को होगी। यह पांच मंजिला प्रोजेक्ट ऑफिस, रिटेल और शॉप स्पेस का मिश्रण है और यह पहला कमर्शियल प्रोजेक्ट है जिसमें एक खूबसूरत प्राकृतिक गार्डन भी विकसित किया गया है। वॉलफोर्ट समूह के निदेशक पंकज लाहोटी और अर्पित पारख ने बताया कि उनका उद्देश्य लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रोजेक्ट्स बनाना है। उन्होंने कहा कि वॉलफोर्ट ओमेगा सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ एक शानदार प्रोजेक्ट है, जो भविष्य के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रोजेक्ट में निवेश करना फायदेमंद साबित होगा और यह व्यवसाय को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।




# शेयर बाजार में जारी गिरावट थमी, सेंसेक्स 218 अंक चढ़ा



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मजबूत वैश्विक संकेतों और घरेलू स्तर पर बैंकों एवं वित्तीय शेयरों में तगड़ी लिवाली आने से शुक्रवार को शेयर बाजार तीन दिनों की गिरावट से उबरने में सफल रहे। सेंसेक्स में 218 अंकों की बढ़त रही जबकि निफ्टी 104 अंक उछल गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स अपने शुरुआती निचले स्तरों से उबरकर 218.14 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,224.75 पर बंद हुआ। निफ्टी भी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 104.20 अंक यानी 0.42 प्रतिशत बढ़कर 24,854.05 पर बंद हुआ। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजार तीन दिनों से जारी गिरावट से उबरने में सफल रहे। इसमें घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी ने अहम भूमिका निभाई। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से एक्सिस बैंक के शेयर ने सितंबर तिमाही के बढ़िया नतीजों के दम पर लगभग छह प्रतिशत की छलांग लगाई। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारतीय स्टेट बैंक और अदाणी पोर्ट्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस के शेयरों में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इन्फोसिस के दूसरी तिमाही के नतीजे निवेशकों के बीच भरोसा जगाने में नाकाम रहे।

- घरेलू स्तर पर बैंक व वित्तीय शेयरों में तगड़ी खरीदारी रही

### इंफोसिस का शुद्ध लाभ में पांच फीसदी की वृद्धि

इन्फोसिस ने दूसरी तिमाही के शुद्ध लाभ में लगभग पांच प्रतिशत बढ़ोतरी की सूचना दी है। इसके अलावा एशियन पेंट्स, नेस्ले, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए।

# चीन की अर्थव्यवस्था जुलाई-सितंबर तिमाही में 4.6 फीसदी की दर से बढ़ी

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

चीन की अर्थव्यवस्था जुलाई-सितंबर तिमाही में अपेक्षा से कम 4.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की वार्षिक वृद्धि धीमी हो रही है। यह जुलाई-सितंबर तिमाही में अपेक्षा से कम 4.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी जो 2024 के लिए निर्धारित किए '' करीब पांच प्रतिशत '' की वृद्धि के आधिकारिक लक्ष्य से कम है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने बयान में कहा, '' जटिल तथा गंभीर बाहरी वातावरण'' और जटिल घरेलू आर्थिक वृद्धि के बावजूद अर्थव्यवस्था '' सामान्य रूप से स्थिर व निरंतर प्रगति कर रही है।



### सितंबर में निर्यात में काफी कमी आई

इस सप्ताह की शुरुआत में चीन ने बताया था कि सितंबर में उसके निर्यात में काफी कमी आई है, जो पिछले साल की तुलना में केवल 2.4 प्रतिशत बढ़ा है। अगस्त में सालाना आधार पर इसमें 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आयात भी कमजोर रहा और इसमें केवल 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो अनुमान से कम है।

### आवास क्षेत्र में कमजोर रुख रहा

चीन का कारखाना उत्पादन पहली तीन तिमाहियों में 5.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि खुदरा बिक्री पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.3 प्रतिशत बढ़ी। हालांकि, संपत्ति निवेश में 10.1 प्रतिशत की गिरावट आई और नए मकानों की बिक्री का मूल्य 22.7 प्रतिशत घटा जो आवास क्षेत्र में कमजोर रुख को दर्शाता है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 10.75 अरब डॉलर घटा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 10.75 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर रहा। यह हाल के दिनों में मुद्रा भंडार में सबसे बड़ी गिरावट है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.18 अरब डॉलर रहा था।

### डीजीएफटी की दस्तावेज जमा करने ऑनलाइन सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** विदेश व्यापार महानिदेशालय ने चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा कंपनी सचिवों समेत प्रमाणन से जुड़े अधिकारियों के लिए डिजिटल हस्ताक्षरित दस्तावेज जमा कराने को लेकर ऑनलाइन सुविधा शुरू की है। वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला डीजीएफटी ने एक नोटिस में कहा कि यह प्रणाली निर्यातकों को विदेशी व्यापार नीति के तहत विभिन्न योजनाओं में अपने ऑनलाइन आवेदनों के साथ इन दस्तावेजों या प्रमाणपत्रों को सहजता से एकीकृत करने की सुविधा देगी।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

पैनल इंटरलॉकिंग का प्रतिस्थापन हेतु निविदा सूचना

**निविदा सूचना संख्या: 176-एसएनटी-टेंडर-2024 दिनांक : 11.10.2024**
**कार्य** : बिलासपुर मंडल के बैहाटोला (बीएटीएल) सी–क्लास स्टेशन पर पीआई पैनल इंटरलॉकिंग का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य** : ₹ 1,30,57,006.42/– (रूपये एक करोड़ तीस लाख सन्तावन हजार छः और बयालीस पैसे मात्र)। **अमानत राशि** : ₹ 2,15,300/– (रूपये दो लाख पन्द्रह हजार तीन सौ मात्र), **निविदा जमा करने की तिथि व समय:** 04.11.2024 के 15:00 बजे तक। विस्तृत जानकारी/ निविदा दस्तावेज का विक्रय पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर
CPR/10/FL/294 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

## सूचना

मैं संगीता वर्मा पति श्री श्याम सुंदर वर्मा निवासी डी 15 ऊर्जा नगर गेवरा प्रोजेक्ट जिला कोरबा। मेरे द्वारा मैसर्स सैनिक फाइनेंस एवं इंडस्ट्री लिमिटेड के 5800 (पांच हजार आठ सौ) कागजी प्रति (Hard copy) के रूप में शेयर खरीदे गए थे जिनका शेयर सर्टिफिकेट कहीं गुम हो गया है।

जिसका फोलियो नंबर 004886, शेयर सर्टिफिकेट नंबर 105548 से 105605 (प्रति नग 100 शेयर), डिस्टीकंटीव नंबर 10408129 से 10413928 है। पुलिस में जिसका ऑनलाइन कंप्लेंट क्रमांक 33366015072200001 दिनांक 24/01/2022 है। जिस किसी भी सज्जन को प्राप्त हो कृपया निम्न पते पर पहुंचाने या सूचना देने की कृपा करें।

**श्रीमती संगीता वर्मा**
**पति श्री श्याम सुंदर वर्मा, डी-15, उर्जा नगर, गेवरा प्रोजेक्ट, जिला कोरबा(छ.ग.)**
Email- ssvrma@gmail.com

## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित-संभाग नारायणपुर

क्र./45-54/प्रकाशन/2024/1244 नारायणपुर, दिनांक 18/10/2024

**// आवश्यक सूचना//**

सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि (संचा./संधा.) संभाग नारायणपुर अंतर्गत नारायणपुर उपसंभाग में विद्यमान 33/11 के.व्ही. लाईनों एवं उपकेन्द्रों का दीपावली पूर्व रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य निम्नानुसार तिथियों में किया जाना है। अतः उक्त तिथियों में संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति **प्रातः 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक** बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिनांक | दिन | फिडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 19.10.2024 | शनिवार | 11 के.व्ही. कलेक्ट्रेड फीडर | नयापारा, दीनदयाल, माहका, जिला अस्पताल, कलेक्ट्रेड रोड़, आश्रम आदि समस्त क्षेत्र |
| 2 | 21.10.2024 | सोमवार | 33 के.व्ही. नारायणपुर फीडर | निरंक |
| 3 | 22.10.2024 | मंगलवार | 11 के.व्ही. शांतिनगर एवं एजूकेशन हब फीडर | शांतिनगर, सिंगोड़ीतराई, गंडरीपारा, बखरूपारा, सुलेंगा, गरांजी, गढ़बेंगाल, जेलबाड़ी एवं एड़का रोड़ आदि समस्त क्षेत्र |
| 4 | 23.10.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही. बेनुर फीडर | देवगांव, चिपरेल, नेलवाड़, लालसुहनार, शिवनी, एड़ेका, बोरपाल, आमासरा आदि समस्त क्षेत्र |
| 5 | 24.10.2024 | गुरूवार | 11 के.व्ही. कोचवाही फीडर | कोचवाही, बिजली, पालकी, खैराभाट, खड़कागांव, जम्हरी, बेलगांव, बाकुलवाही, कुकड़झोर, केरलापाल आदि समस्त क्षेत्र |
| 6 | 25.10.2024 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. सोनपुर फीडर | कुरूषनार, ईमलीपदर, कसावाही, बम्हनी, ब्रेहबेड़ा, झारावाही, कोडोली, कंदाड़ी आदि समस्त क्षेत्र |
| 7 | 26.10.2024 | शनिवार | 11 के.व्ही. जयस्तंभ एवं बाजारपारा फीडर | तहसीलपारा, डी.एन.के. कॉलोनी, मैन रोड़, बंग्लापारा, पाठक चौक सोनपर रोड़, साकड़बेड़ा, डुमरतराई, बुधवारी बाजार आदि समस्त क्षेत्र |

टीप- असुविधा के लिए खेद है।

(श्री पी.वी.राजेश)
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.ग.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि. नारायणपुर

।। स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं ।।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Telephone 07726-221068 Email Address-cmobhatapara@rediffmail.com

क्रमांक/ 921/ लो.नि.वि./ न.पा. प / 2024-25 भाटापारा, दिनांक 18.10.2024

**।। मैन्यूवल निविदा सूचना ।।**

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत छ.ग. शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से कुल 35 कार्यो कुल लागत राशि रू. 218.15 लाख हेतु त्री लिफाफा पद्धति से प्रपत्र "अ" में सीलबंद निविदाएँ स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रण की विस्तृत जानकारी नगर पालिका परिषद भाटापारा के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती एवं विभागीय वेबसाईट WWW.Uad.cg.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। समय सारणी निम्नानुसार है -

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 04.11.2024 समय सायः 05:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि - 08.11.2024 समय सायः 05:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 18.11.2024 समय दोपहर 03:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि - 18.11.2024 समय सायः 04:00 बजे

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् भाटापारा**

## कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला :- बस्तर (छ.ग.)

**।। मैनुअल पद्धति निविदा सूचना।।**

क्र./ 3332/ न.पा.नि./ लो.नि.वि./2024 जगदलपुर दिनांक 16.10.2024

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा निम्नांकित कार्यो का क्रियान्वयन हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत "डी" एवं ऊपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र **"A"** में, दर अनुसूची से कम एवं अधिक प्रतिशत दर पर दिनांक 08.11.2024 को समय 02.30 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से **अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत 61 निर्माण कार्यों का** निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त समस्त निविदायें दिनांक 11.11.2024 को सांय 04.30 बजे खोले जावेगें। इस हेतु कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 28.10.2024 को सांय 05.30 बजे तक आवेदन पत्र के साथ निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करने पर दिनांक 30.10.2024 को कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय का वेबसाईट www.nagarnigamjagdalpur.in एवं विभागीय वेबसाइट http://uad.cg.gov.in से डाउन लोड कर देखा/ प्राप्त किया जा सकता है एवं निगम कार्यालय के लोक निर्माण शाखा में कार्यालयीन अवधि में देखा जा सकता है।

"नगर पालिक निगम के करों का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग करें।"

**कार्यपालन अभियंता**
**नगरपालिक निगम, जगदलपुर**

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई, जिला-दुर्ग

### निविदा सूचना

क्रमांक / लो.क.वि./जोन-2/2024/572/195 भिलाई, दिनांक: 14/10/ 2024

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से लोक निर्माण विभाग के भवन निर्माण एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020, विद्युत एस.ओ.आर. 01.06.2020 एवं अद्यतन संशोधन के आधार पर कम/अधिक एवं आयटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु निम्नानुसार दिनांक एवं समय तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1 निविदा जारी करने की तिथि - 14.10.2024
2 आवेदन की अंतिम तिथि - 05.11.2024 सायं 5:30 बजे तक
3 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 14.11.2024 सायं 5:30 बजे तक
4 निविदा खोले जाने की तिथि - 18.11.2024

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रामनगर कब्रिस्तान में शव दफन हेतु सम्पूर्ण कार्य। | 19.95 | 15000.00 | 750.00 | आवश्यकतानुसार |
| 2. | वार्ड क्र. 16 सुपेला आंतरिक गलियों में नाली एवं पुलिया संधारण कार्य। | 3.84 | 4000.00 | 750.00 | 60 दिन |
| 3. | वार्ड क्र. 29 वृन्दानगर गौरा गौरी चौक के पास नाली संधारण कार्य। | 3.50 | 3500.00 | 750.00 | 60 दिन |
| 4. | वार्ड क्र. 21 कैलाश नगर एवं 24 हाउसिंग बोर्ड में जर्जर रोड, नाली एवं पुलिया का संधारण कार्य। | 3.20 | 3500.00 | 750.00 | 60 दिन |

1. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं चिप्स की वेबसाईट www.eproc.cgstate.gov.in और bhilai.urbanecg.gov.in से देखी जा सकती है। संपत्तिकर भू-भाटक की राशि निगम कोष में जमा कर विकास कार्यों में सहयोग करें। जल ही जीवन है, जल का सदउपयोग करें उसे व्यर्थ न बहाए।
2. घर से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे को अलग कर सफाई मित्र (रिक्शा) को देवें।
अपील: समस्त शहरवासियों से निवेदन है कि सफाई व गंदगी / कचरा की फोटो खींचकर स्वच्छता एप में भेजें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-02

टेस्ट : 46 के जवाब में कीवियों ने बनाए 402 रन, रचिन का शतक

# भारतीय टीम न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे कोहली बने 9 हजारी, सरफराज नाबाद

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत ने तीन मैच की श्रृंखला के पहले टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी दूसरी पारी को तीन विकेट पर 231 रन तक पहुंचा कर मजबूत वापसी की। स्टम्प के समय तक सरफराज खान 70 रन पर नाबाद हैं। भारतीय टीम न्यूजीलैंड से अब भी 125 रन पीछे है और उसके सात विकेट बाकी हैं। तीसरे दिन की आखिरी गेंद पर भारत को विराट कोहली के रूप में तीसरा झटका लगा, जो 70 रन बनाकर आउट हुए।

भारत के पहली पारी के 46 रनों के जवाब में न्यूजीलैंड ने 402 रन बनाए। इस तरह न्यूजीलैंड की टीम को 356 रनों की भारी बढ़त मिली है। न्यूजीलैंड की ओर से रचिन रवींद्र ने सबसे ज्यादा 134 रनों की पारी खेली। भारतीय टीम को हालांकि दिन की आखिरी गेंद पर कोहली के आउट होने से झटका लगा जो अपनी 102 गेंद की पारी के दौरान टेस्ट में 9000 रन पूरे करने वाले भारत के चौथे बल्लेबाज बने। ग्लेन फिलिप्स (36 रन पर एक विकेट) की गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के दस्तानों पर चली गई।



## 197 पारी में हासिल की खास उपलब्धि

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच के तीसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में 53 रन बनाते ही 9000 रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बन गए। इस तरह कोहली ने अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि हासिल की। अब वह सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर जैसे दिग्गजों की जमात में शामिल हो गए हैं। पर वह इन खिलाड़ियों में इस उपलब्धि तक काफी धीमी गति से पहुंचे क्योंकि इसके लिए उन्होंने 197 पारियां खेली।

### शीर्ष भारतीय स्कोरर

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 15921 |
| राहुल द्रविड़ | 13265 |
| सुनील गावस्कर | 10122 |
| विराट कोहली | 9000* |
| वीवीएस लक्ष्मण | 8781 |

## रचिन का दूसरा शतक

दिन के दूसरे सत्र में न्यूजीलैंड की पहली पारी 402 रन पर सिमटी। रचिन रविंद्र ने 157 गेंद में 13 चौके और चार छक्के की मदद से 134 रन की शानदार पारी खेली। यह 10 मैचों में उनका दूसरा शतक है। उन्होंने टिम साउथी (65) के साथ साथ आठवें विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी कर मैच पर दबदबा कायम किया। साउथी ने 73 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के लगाए।



## तीसरे दिन बना रिकॉर्ड

भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे पहले मैच के तीसरे दिन कुल 453 रन बने और 10 विकेट भी गिरे। यह भारत में खेले गए किसी टेस्ट मैच में एक दिन में बना दूसरा सर्वाधिक स्कोर है। भारत में टेस्ट मैच के किसी दिन सबसे ज्यादा रन भारत और श्रीलंका के बीच 2009 में खेले गए मैच में बने थे। उस टेस्ट मैच के दूसरे दिन कुल 470 रन बने थे।

### मेहमान टीम की बढ़त

| टीम | जगह | साल | बढ़त |
|---|---|---|---|
| द.अफ्रीका | अहमदाबाद | 2008 | 418 |
| इंग्लैंड | चेन्नई | 1985 | 380 |
| न्यूजीलैंड | बेंगलूरु | 2024* | 356 |
| श्रीलंका | अहमदाबाद | 2009 | 334 |
| ऑस्ट्रेलिया | दिल्ली | 1959 | 333 |

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लाथम पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 49 | 3 | 0 |
| डेवोन कोंवे बो अश्विन | 91 | 105 | 11 | 3 |
| यंग का कुलदीप बो जडेजा | 33 | 73 | 5 | 0 |
| रविंद्र का (स्था) जुरेल बो कुलदीप | 134 | 157 | 13 | 4 |
| मिचेल का जायसवाल बो सिराज | 18 | 49 | 2 | 0 |
| टॉम ब्लंडल का राहुल बो बुमराह | 05 | 08 | 1 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स बो जडेजा | 14 | 18 | 1 | 1 |
| मैट हेनरी बो जडेजा | 08 | 09 | 2 | 0 |
| साउदी का जडेजा बो सिराज | 65 | 73 | 5 | 4 |
| एजाज पटेल पगबाधा कुलदीप | 04 | 08 | 1 | 0 |
| विलियम ओ राउरकी नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 91.3 ओवर में 402/10
गेंदबाजी : बुमराह 19-7-41-1, सिराज 18-2-84-2, अश्विन 16-1-94-1, कुलदीप 18.3-1-99-3, जडेजा 20-1-72-3.

# ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट के तीसरे दिन छत्तीसगढ़ ने हासिल किए 14 स्वर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में चल रहे 27वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन खबर लिखे जाने तक शुक्रवार को छत्तीसगढ़ कुल 37 स्वर्ण, 20 सिल्वर, 14 ब्रोंज पदक के अलावा 6 प्रतिभागी चौथा स्थान हासिल किए। इस प्रकार छत्तीसगढ़ अभी पदक तालिका में 279 पॉइंट प्राप्त कर कुल 71 पदक जीतकर प्रथम स्थान पर है। 100 मीटर रेस वुमन ओपन कैटेगरी में केरल की अनु आर ने गोल्ड जीता। वहीं 100 मीटर रेस वुमन वेटेरन कैटेगरी में छत्तीसगढ़ की अनीता कोर्रम ने पहला स्थान हासिल किया। इसके साथ ही 800 मीटर वॉक वुमन ओपन में सुशीला पैकरा, छत्तीसगढ़, 1500 मीटर रेस वुमन ओपन में थोटा संकीर्तना छत्तीसगढ़ ने गोल्ड मेडल हासिल किया। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी शालिनी रैना ने बताया कि पूरे आयोजन को लेकर सभी में पूरा जोश और उत्साह है। वन मंत्री माननीय केदार कश्यप ने भी प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों से मिलकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रतिभागियों के आवास और भोजन के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी न हो इसके लिए विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

- 0शुक्रवार को विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

### ओलंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर समापन में होंगी शामिल

रायपुर के विभिन्न स्पोर्ट्स ग्राउंड में शुक्रवार को विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छत्तीसगढ़ में इस बार 2920 खिलाड़ियों ने भाग लिया है, जिनमें 2331 पुरुष और 585 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। प्रतिभागियों में उत्साह है और छत्तीसगढ़ की मेहमान नवाज़ी की प्रशंसा की जा रही है। राज्य की संस्कृति और खानपान की विशेषताएं सभी को भा रही हैं। अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 1992 से हो रहा है, और यह छत्तीसगढ़ में तीसरी बार हो रहा है। यह प्रतियोगिता वनों के संरक्षण पर आधारित है और इसमें वनरक्षक से लेकर विभाग के अधिकारी भी भाग ले रहे हैं। 20 अक्टूबर को ओलंपिक मेडलिस्ट गर्ल मनु भाकर समापन समारोह में शामिल होंगी, जो इस प्रतियोगिता का आकर्षण का केंद्र बनेंगी।

# पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 152 रन से रौंदा नोमान-साजिद ने झटके सभी 20 विकेट

एजेंसी ▶▶| मुल्तान



नोमान अली और साजिद खान ने स्पिनरों की मददगार पिच पर सभी 20 विकेट लिए। इससे पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को शुक्रवार को यहां 152 रन से हराकर घरेलू धरती पर लंबे समय से जीत हासिल करने के इंतजार को खत्म किया। पाकिस्तान ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में मैच के चौथे दिन पहले सत्र में ही 144 रन पर आउट कर दिया।

297 के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी इंग्लैंड की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। तीन मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है। बाएं हाथ के स्पिनर नोमान ने दूसरी पारी में 46 रन देकर आठ विकेट लिए और इस तरह से मैच में 11 विकेट हासिल किए। पहली पारी में 111 रन देकर सात विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर साजिद ने दूसरी पारी में 93 रन देकर दो विकेट लिए। शान मसूद की कप्तान के रूप में यह पहली जीत है।

## सिंधू क्वार्टर में हारीं भारत का अभियान खत्म

ओडेन्से। भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू शुक्रवार को यहां क्वार्टरफाइनल में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया टुनजंग से हार गईं जिससे डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। सिंधू करीब एक घंटे तक चले मुकाबले में 13-21, 21-16, 9-21 से पराजित हो गईं। टुनजंग ने पहले गेम में लगातार आठ अंक जुटाने के बाद इसे आसानी से अपने नाम कर लिया। लेकिन प्री क्वार्टरफाइनल में चौथी वरीय चीन की हान युए को हराकर उलटफेर करने वाली सिंधू दूसरे गेम में बिलकुल बदली हुई नजर आयीं और 6-1 से आगे हो गईं।





## टी20 वर्ल्ड कप : न्यूजीलैंड-अफ्रीका में होगी खिताबी जंग

शारजाह। न्यूजीलैंड ने कम स्कोर वाले मैच में शुक्रवार को वेस्टइंडीज को हराकर महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब तक 2009 और 2010 में उपविजेता रही न्यूजीलैंड टीम का सामना रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से होगा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमीफाइनल में गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराया था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाली न्यूजीलैंड टीम नौ विकेट पर 128 रन ही बना सकी थी जिसमें डिएंड्रा डोटिन ने 22 गेंद में 33 रन का योगदान दिया। इसमें 16वें ओवर में लिया ताहुहू को लगाये तीन छक्के शामिल है। वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 120 रन ही बना सकी। आफ स्पिनर कारसन ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि केर ने चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाये जिसमें डोटिन का कीमती विकेट शामिल था।

# एरिगैसी ने जीता डब्लूआर शतरंज मास्टर्स का खिताब

एजेंसी ▶▶| लंदन



भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने डब्लूआर शतरंज मास्टर्स के फाइनल में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को हराकर खिताब अपने नाम किया। एरिगैसी ने क्लासिक शतरंज में दो ड्रॉ मुकाबलों के बाद 'आर्मागेडन गेम' में फ्रांस के खिलाड़ी को पछाड़ा। एरिगैसी ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान लय बरकरार रखते हुए शानदार खेल दिखाया। उन्होंने इस जीत से पुरस्कार के तौर पर 20000 यूरो (लगभग 18.23 लाख रुपए) हासिल किए।

एरिगैसी ने इस नॉक आउट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपने दोस्त आर प्रज्ञानानंदा को शिकस्त दी थी। सोलह खिलाड़ियों के टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में एरिगैसी ने इंग्लैंड की नौ साल की खिलाड़ी शिवानंदा बोधाना को शिकस्त दी। शिवानंदा हाल ही शतरंज ओलंपियाड का हिस्सा बनने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं थी।

एरिगैसी ने इसके बाद अगले दो दौर में क्रमशः विदित गुजराती और प्रज्ञानानंदा को एक समान 1.5-0.5 के अंतर से हराया। वाचिएर-लाग्रेव ने फाइनल में विश्व रैंकिंग में चौथे पायदान पर काबिज एरिगैसी को कड़ी टक्कर दी लेकिन 'आर्मागेडन गेम' में पिछड़ गए।

# इंटर मियामी के स्टार मेस्सी को पहला मार्का अमेरिका पुरस्कार

एजेंसी ▶▶| फोर्ट लॉडरडेल



अमेरिकी क्लब इंटर मियामी की तरफ से खेलने वाले अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी को पहले मार्का अमेरिका पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

यह पुरस्कार स्पेन स्थित मीडिया कंपनी देती है जो मेसी की कई उपलब्धियों में एक नई उपलब्धि है। उन्होंने क्लब या देश के लिए रिकॉर्ड 46 ट्रॉफियां जीती हैं और व्यक्तिगत स्तर पर कम से कम 56 अन्य पुरस्कार हासिल किए हैं।

इंटर मियामी के घरेलू मैदान चेस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने कहा, 'यह सफर काफी लंबा रहा है। इस दौरान हमने बहुत सी ख़ूबसूरत चीज़ों का अनुभव किया है लेकिन इस बीच कुछ विषम पल भी आए। इस 20 वर्ष के सफर में सब कुछ अनुकूल नहीं रहा। आपको हर समय जीत नहीं मिल सकती है।' मेस्सी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में विश्व कप जीता था जिसे यह स्टार फुटबॉलर अपने करियर का सबसे बड़ा पुरस्कार मानता है।

श्रीलंका ने तीसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराया

# श्रीलंका ने पहली बार वेस्टइंडीज से जीती द्विपक्षीय टी20 सीरीज

एजेंसी ▶▶| दाम्बुला




श्रीलंका की टीम पहली बार टी20 इंटरनेशनल के इतिहास में वेस्टइंडीज के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज जीतने में कामयाब हुई है। वेस्टइंडीज की टीम ने श्रीलंका दौरे पर टी20 सीरीज की शुरुआत तो काफी शानदार तरीके से करते हुए पहले मुकाबले को अपने नाम किया था लेकिन दूसरे मैच को श्रीलंकाई टीम ने 73 रनों से जीतने के साथ सीरीज को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। वहीं दाम्बुला में खेले गए तीसरे मैच को भी श्रीलंका की टीम ने 9 विकेट से जीतने के साथ इस टी20 सीरीज को 2-1 से अपने नाम कर लिया है। तीसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 162 रनों का स्कोर बनाने में ही सफल हो सकी थी। इसके बाद श्रीलंका की टीम ने टारगेट का पीछा काफी शानदार तरीके से किया जिसमें पथुम निसांका और कुसल मेंडिस के बीच पहले विकेट के लिए 60 रनों की बेहतरीन साझेदारी देखने को मिली। हालांकि निसांका 22 गेंदों में 39 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौट गए। श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने 18 ओवर्स में अपनी टीम को 9 विकेट से जीत दिला दी। मेंडिस ने जहां 68 रनों की नाबाद पारी खेली तो वहीं कुसल परेरा के बल्ले से 55 रनों की पारी देखने को मिली।



# 'गेम ऑफ थ्रोन्स' सीरीज का सिंहासन 12 करोड़ में हुआ नीलाम

**नई दिल्ली।** गेम ऑफ थ्रोन्स अमेरिका की एक लोकप्रिय सीरीज है, जिसके अब तक 8 सीजन आ चुके हैं। यह सीरीज केवल अमेरिका में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में पसंद की जाती है। गेम ऑफ थ्रोन्स के प्रशंसकों ने इसके प्रति अपने प्यार को दर्शाते हुए 3 दिवसीय नीलामी में भाग लिया। इस नीलामी के दौरान सीरीज का प्रतिष्ठित सिंहासन 12 करोड़ में बेचा गया। इसके अलावा, 100 से ज्यादा वस्तुएं नीलम हुईं, जिनकी कीमत 1 अरब रु.तक थी।

## 4,500 से अधिक लोगों ने नीलामी में लगाई थी बोली

इन सभी वस्तुओं की नीलामी अमेरिका के शहर डलास में स्थित हेरिटेज नामक नीलामी घर द्वारा आयोजित की गई थी। नीलामी में शामिल 2,000 से ज्यादा वस्तुओं को 900 लॉट में बांटा गया था। इन वस्तुओं को हासिल करने के लिए कई लोगों ने ऑनलाइन भी बोली लगाई थी। हेरिटेज ने रविवार को कहा कि इस आयोजन में 4,500 से अधिक लोगों ने बोली लगाई, जिससे 1 अरब रुपये तक की कमाई हुई।

## सबसे लोकप्रिय रहा सीरीज का लोहे वाला सिंहासन

प्रशंसकों ने इस नीलामी के दौरान गेम ऑफ थ्रोन्स में इस्तेमाल हुए कवच, तलवारें, हथियार और गहने समेत कई अन्य वस्तुएं खरीदीं। हालांकि, इस नीलामी का हाइलाइट सीरीज का लोहे वाला सिंहासन था, जिसके लिए लोगों ने जमकर बोली लगाई थी। यह सिंहासन महज 6 मिनट के अंदर 12 करोड़ रुपये में बिक गया था। यह असली सिंहासन का एक नमूना था, जिसे प्लास्टिक से बनाया गया था और इस पर धातु वाला पेंट किया गया था।

बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
पाईल्स (बवासीर) के दर्द से परेशान?
सिद्दपाईल्स टॅबलेट
बवासीर, फिस्टुला, कब्ज, गुदा मार्ग की सूजन, जलन, चुभन, खुजली, असहनीय वेदना आदि तकलीफें दूर करने में सहायक।
Siddhayu SIDPILES TABLET For Piles
अभयामृत
पुराने से पुराने कब्ज को दूर कर पाचन ठीक रखने में सहायक।
स्वस्थ पाचन, स्वस्थ जीवन
वैद्यकीय सलाह: +91 844 844 4935 www.baidyanath.co

हृदय रोग विभाग
श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल ॥हर एक जीवन अनमोल॥
प्रमुख उपचार:
- एन्जियोप्लास्टी
- एंजियोग्राफी
- इकोकार्डियोग्राफी
- पेसमेकर
- आईसीडी
- डिवाइस क्लोजर
- अबलेशन
पेपर कटिंग साथ में लाने पर विशेष छूट दी जाएगी...
उपलब्ध परामर्श
- सीने में दर्द, भारीपन, घुटन, दबाव.
- घबराहट व बेचैनी रहना व श्वांस फुलना.
- शारीरिक कार्य करने पर श्वांस तेज चलना.
- असामान्य धड़कन, चक्कर व बेहोशी आना.
- शरीर का नीला पड़ना एवं अन्य हृदय संबंधी रोग से परामर्श लेवें.
डॉ. जोगेश विशनदासानी
MD, DM-Interventional Cardiologist
न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4222999, हेल्पलाइन नंबर- 7880003497
Khanna

उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
200 बिस्तरों का सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल
UMH आयुष्मान भव: 24x7 आपातकालीन सुविधा
पेट, लीवर एवं आंत रोगों का विश्वसनीय चिकित्सा संस्थान
GERD
- छाती में दर्द
- भूख में कमी
- एसिड का ऊपर आना
- गैस ज्यादा बनना
- बार-बार डकार आना
- खाना न पचना
- सूखी खांसी आना
- मुंह में कड़वा स्वाद
Pro. Dr. Vinod Kumar Singh
Consultant Laparoscopic Surgeon
17 Years of Experience in advanced laparoscopic Surgery & Surgical Gastroenterology
सभी इंश्योरेंस कंपनी TPA, आयुष्मान कार्ड, रेलवे, BSKY, CSEB, कोल इंडिया, एयरपोर्ट अथॉरिटी से मान्यता
नहर रोड, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.)
मो.: 0771-4088820, 9109125524, 95899 56859

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल: 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

त्योहार को बनाएं और भी रोशन।
इस दिवाली, ₹40,000* के ऑफर्स का आनंद लें
Hero Motocorp के VIDA V1 इलेक्ट्रिक स्कूटर के साथ।
2 रिमूवेबल बैटरीज़
165 km** की प्रमाणित रेंज
2500+ फास्ट चार्जर्स
विशाल सर्विस नेटवर्क
Avail exciting festive offers* on amazon | Flipkart



#MAKEWAY
*T&C Apply.
VIDA Powered by Hero
*Limited Period Offer. To know more, call us at 1800 266 8432.
**Certified range by Govt. certified agency. Real-world range of 110 km. Certified and Real-world range may vary depending on riding style, road/vehicle conditions, and vehicle models.

Hero GIFT Grand Indian Festival of Trust
इस शुभ मुहूर्त समझौता नहीं
घर ले आओ माइलेज का हीरो
नई HF Deluxe



लिमिटेड पीरियड ऑफर्स
नकद बोनस ऑफर ₹4500# तक
शुरूआती कम डाउन पेमेंट @ ₹1999^
ब्याज दर 5.99%^
कैशबैक ₹5000~ तक
फेस्टिव एक्स-शोरूम कीमत** ₹58,698
HF Deluxe अपनी श्रेणी@ में सर्वश्रेष्ठ बाइक क्यों है?
बेमिसाल माइलेज i3s टेक्नोलॉजी
बेहतरीन कम्फर्ट 733mm सीट की लंबाई
ज़बरदस्त सेफ्टी 18" ट्यूबलेस टायर्स
आधुनिक टेक्नोलॉजी USB चार्जर
Toll Free Number: 1800 266 0018
India's First 5 Year Warranty *Conditions apply
$ADDITIONAL CASH DISCOUNT AVAILABLE ON Flipkart | amazon
~INSTANT CASHBACK AVAILABLE ON HDFC BANK | pine labs PAY LATER
Special offers for CSD/CPC/Corporate employees. Reach us at: institutionalsales@heromotocorp.com
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Offer is for a limited period or till stock lasts. Offer amount may vary for model/variant and states. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ~The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000, subject to the credit card company's, T&Cs. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. @Basis benchmarking of entry segment motorcycles in India. **Festive Ex-showroom price of HF Deluxe Kick including cash bonus in Raipur. $Flipkart and Amazon offers are subject to the sole discretion & T&Cs of respective organisations.
अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो 9289922357, धमतरीः सत्येम हीरो 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दुर्गः उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरोः (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसीः 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स 9754069392, लवनः गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्सः 8462900028/9340005833 गुरुरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडलाः विक्की मोटर्सः 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्सः 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटोः 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांवः आहूजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडीः किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरलाः कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोदः जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनारः अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983
FCB INTERFACE/6878/OCT2024/HINDI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com